RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रुबरु

स्मार्ट हलचल

smarthalchal.com

वर्षः 11 अंकः 141 | जयपुर, गुरूवाड़ा, चित्तौड़गढ़ ,शुक्रवार, 20 नवम्बर 2026 | मूल्यः 4 रुपए | पृष्ठः 08

संक्षिप्त समाचार

बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस के घर में आग लगाई

ढाका। बांग्लादेश में अवामी लीग के देशव्यापी बंद के ऐलान के बीच हिंसा भड़क गई है। राजधानी ढाका में सुबह होने से पहले कई जगह देसी बम धमाके हुए। देश के कई हिस्सों में आगजनी, तोड़फोड़ और हमलों की घटनाएं हुई हैं।



प्रदर्शनकारियों ने पिछली अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस के चटगांव के पुश्तैनी घर में आग लगा दी। देश के अलग-अलग हिस्सों में उनके ग्रामीण बैंक की कई शाखाओं में भी आग लगाई गई। ढाका में शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के दो नेताओं के घरों पर भी हमले हुए। इन हमलों के पीछे प्रधानमंत्री तारिक रहमान की पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं का हाथ होने की आशंका है। इसके बाद पुलिस ने राजधानी ढाका में 24 घंटे में 565 लोगों को गिरफ्तार किया।

सोना 1.30 लाख के नीचे, आज 1,179 सस्ता हुआ

नई दिल्ली, एजेंसी। सोने-चांदी की कीमतों में लगातार गिरावट जारी है। सोना पिछले 7 कारोबारी दिनों में करीब 12 हजार रुपए और चांदी करीब 24 हजार रुपए सस्ती हो चुकी है। इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक गुरुवार को 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की



कीमत 1,179 रुपए घटकर 1.30 लाख रुपए से नीचे आ गई। वहीं, एक किलो चांदी का भाव 2,158 रुपए गिरकर 1.62 लाख रुपए रह गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में डॉलर मजबूत होने और बड़े निवेशकों के ऊंची कीमतों पर सोना-चांदी बेचने से इनके दाम गिर रहे हैं।

रिकॉर्ड हाई से से 2.18 लाख रुपए गिरी चांदी- इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। चांदी की कीमत 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए थी, जो 29 जनवरी को 3.80 लाख रुपए के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई।

चेतावनी भारत में हिंदुओं की हिस्सेदारी घटेगी, अमेरिका में दोगुनी हो जाएगी

इस्लाम 2035 तक दुनिया का सबसे बड़ा धर्म होगा

नई दिल्ली (एजेंसी)। वैश्विक स्तर पर धार्मिक आबादी में हो रहे बदलावों को लेकर अमेरिका की प्यू रिसर्च सेंटर की नई रिपोर्ट सामने आई है। इसके मुताबिक, दुनिया की आबादी 2050 तक 9.30 अरब पहुंच सकती है, जो 2010 में करीब 6.90 अरब थी। रिपोर्ट के मुताबिक, 2010 के मुकाबले 2050 तक मुस्लिम आबादी करीब 73% बढ़ सकती है। यानी मुसलमानों की आबादी 1.6 अरब से बढ़कर लगभग 2.76 अरब हो जाएगी। 2020 से 2050 के बीच भारत में हिंदुओं की आबादी 17.6 करोड़ बढ़ने का अनुमान है। हालांकि, देश की कुल आबादी में हिंदुओं की हिस्सेदारी घटने का अनुमान है। इसके बावजूद 2070 तक हिंदू भारत की कुल आबादी के तीन-चौथाई से ज्यादा बने रहेंगे।



मुस्लिम महिलाओं के औसतन बच्चों की संख्या ज्यादा

प्यू रिसर्च सेंटर के मुताबिक, पिछले कुछ दशक में भारत की कुल प्रजनन दर में गिरावट आई है। हालांकि, मुस्लिम महिलाओं के औसतन बच्चों की संख्या हिंदू महिलाओं से अधिक है। इसके अलावा भारत में मुस्लिम आबादी का आयु वर्ग भी अपेक्षाकृत युवा है। इन दोनों कारणों से आने वाले दशकों में देश की आबादी में मुस्लिमों का अनुपात बढ़ने और हिंदुओं की हिस्सेदारी में मामूली कमी आने का अनुमान है। प्यू रिपोर्ट में यह भी अनुमान लगाया गया है कि 2035 तक इस्लाम दुनिया का सबसे बड़ा धर्म बन सकता है। फिलहाल दुनिया में 2.27 अरब ईसाई और 2.02 अरब मुस्लिम हैं। अनुमान है कि 2035 तक मुस्लिम आबादी बढ़कर 2.57 अरब और ईसाई आबादी 2.52 अरब हो जाएगी। रिपोर्ट के अनुसार, मुस्लिम महिलाओं की प्रजनन दर सबसे ज्यादा है। 2020 से 2025 के बीच मुस्लिम महिलाओं में प्रति महिला औसतन 3.1 बच्चे पैदा हुए, जबकि ईसाई महिलाओं में यह आंकड़ा 2.5 और अन्य धर्मों में 1.6 रहा। प्यू के अनुमान के मुताबिक 2070 तक दुनिया में मुस्लिमों की आबादी 3.6 अरब से ज्यादा हो सकती है। वहीं ईसाइयों की संख्या 3 अरब से कम रहने का अनुमान है।

अमेरिका में 90 लाख हो जाएगी हिंदू आबादी

अमेरिका में भी हिंदुओं की आबादी दोगुने से ज्यादा होने का अनुमान है। 2020 में यहां करीब 40 लाख हिंदू थे, जिनकी संख्या 2070 तक बढ़कर 90 लाख हो सकती है। इस क्षेत्र की कुल आबादी में हिंदुओं की हिस्सेदारी 1 प्रतिशत से बढ़कर 2 प्रतिशत होने का अनुमान है। अफ्रीका और लैटिन अमेरिका एवं कैरेबियन ऐसे क्षेत्र होंगे, जहां हिंदुओं की कुल संख्या में गिरावट आने की संभावना है।

पाकिस्तान में होंगे सबसे ज्यादा मुस्लिम

प्यू का अनुमान है कि मौजूदा रुझान जारी रहने पर 2070 तक पाकिस्तान दुनिया में सबसे ज्यादा मुस्लिम आबादी वाला देश बन जाएगा। इसके बाद भारत, नाइजीरिया और इंडोनेशिया का स्थान होगा। फिलहाल इंडोनेशिया में दुनिया के सबसे ज्यादा मुस्लिम रहते हैं।


● मोदी बोले- *किसानों-कारोबारियों को गाली देने से देश नहीं बढ़ता*

हमने 12 साल में इकोनॉमी बदली

● राहुल ने कहा था- भारत आर्थिक संकट की ओर

नई दिल्ली (एजेंस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि किसानों और कारोबारियों को गाली देने से देश आगे नहीं बढ़ता। उन्होंने कहा कि पिछले 12 साल में भारत की इकोनॉमी बदली है और 50 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं।

पीएम का यह बयान राहुल गांधी के आरोपों के एक दिन बाद आया है। राहुल ने बुधवार को न्यूयॉर्क की कोलंबिया यूनिवर्सिटी में कहा था कि भारत आर्थिक संकट की ओर बढ़ रहा है। इसके पीछे बड़े पैमाने पर बेरोजगारी और शिक्षा व्यवस्था से जुड़ी खामियां हैं।



50 करोड़ भारतीय गरीबी से बाहर निकले- पीएम मोदी ने कहा कि 1970 के दशक में गरीबी हटाओ का नारा दिया गया था, तब भारत की आबादी करीब 50 करोड़ थी। लेकिन अर्थव्यवस्था पिछले 12-13 साल में बदली है। आज 50 करोड़ भारतीय गरीबी से बाहर निकले हैं। पीएम ने कहा कि कुछ कंपनियां विदेशों के लिए बेहतर और भारत के लिए कम गुणवत्ता वाले उत्पाद बनाती हैं। इस सोच को बदलना होगा। भारतीय ग्राहक भी अच्छी गुणवत्ता वाले सामान के हकदार हैं।

ग्लोबल मार्केट के अवसरों का फायदा उठाएं

प्रधानमंत्री ने कारोबारियों से घरेलू बाजार तक सीमित न रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि कंपनियों को दूसरे देशों की जरूरतों और ग्राहकों की पसंद समझकर उत्पाद तैयार करने चाहिए। मोदी ने कहा कि सरकार रिफॉर्म एक्सप्रेस के जरिए लगातार सुधार कर रही है। उन्होंने कारोबारियों से बिना झिझक अपनी समस्याएं और सुधारों से जुड़े सुझाव देने को कहा। सरकार उनके साथ खड़ी है। पीएम ने कहा कि कंपनियों को ऐसे उत्पाद बनाने चाहिए, जो ग्राहकों की जरूरतों के मुताबिक हों और इस्तेमाल में आसान हों। इसके लिए बेहतर रिसर्च और नई तकनीक अपनाना जरूरी है।

राहुल अमेरिका में बोले- 2024 का लोकसभा चुनाव अवैध था: लेकिन चुनाव का कभी बायकॉट नहीं करेंगे

ऐसा करते ही लोकतंत्र खत्म हो जाएगा



न्यूयॉर्क/नई दिल्ली (एजेंसी)। राहुल गांधी ने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव वैध नहीं था। इसमें कई फर्जी मतदाता थे। उन्होंने दावा किया कि एक ब्राजीलियाई महिला, जो कभी भारत नहीं आई, उसने एक विधानसभा चुनाव में 23 बार वोट डाला। राहुल से पूछा गया कि चुनाव में गड़बड़ी के बावजूद विपक्ष उनका बायकॉट क्यों नहीं करता? इस पर उन्होंने कहा, 'भारतीय लोकतंत्र हमारे लिए पवित्र है। अगर हमने चुनावों का बायकॉट करने का फैसला किया, तो उसी पल भारतीय लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। हम लोकतंत्र को खत्म नहीं करना चाहते। हमारी स्ट्रैटजी है कि हम लड़ें और भारत के लोगों को बताएं कि देश में क्या चल रहा है।

- **चुनावी बहिष्कार का कदम नहीं उठा रहे-** राहुल ने कहा कि हम जानबूझकर चुनावी बहिष्कार का कदम नहीं उठा रहे हैं और हमें भरोसा है। चुनाव आयोग खुद अब अंदर से हमें जानकारी दे रहा है। इसलिए यह ढांचा कब ढहेगा, यह सिर्फ समय की बात है। चुनाव आयोग में वरिष्ठ लोग अब कह रहे हैं कि हम यह और नहीं कर सकते।' हम गैर-लोकतांत्रिक भारत स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं। यह सिर्फ कांग्रेस पार्टी की बात नहीं है।

दाऊद के घर 'मुसाफिरखाना' पर बुलडोजर एक्शन रुका

इमारत मस्जिद का हिस्सा

मुंबई। मुंबई में अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के पुश्तैनी घर 'मुसाफिरखाना' को गिराने पर बॉम्बे हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। कोर्ट ने 23 नवंबर तक इमारत की मौजूदा स्थिति बनाए रखने का आदेश दिया है। यह इमारत दक्षिण मुंबई के भिंडी बाजार इलाके की पाकमोडिया स्ट्रीट पर स्थित है। बृहन्मुंबई नगर निगम यानी बीएमसी ने आज ही भारी पुलिस सुरक्षा के बीच




इमारत को गिराने की कार्रवाई शुरू की थी। इमारत को गिराने की कार्रवाई सड़क चौड़ीकरण से भी जुड़ी है। यह मकान मस्जिद का हिस्सा है। बीएमसी ने कहा था कि इमारत का केवल जर्जर हिस्सा गिराया जाएगा। मस्जिद नहीं तोड़ी जाएगी। **1939 में बनी थी इमारत, सी-1 श्रेणी में रखा गया-** हाजी इस्माइल हाजी हबीब मुसाफिरखाना नाम की यह इमारत 1939 में बनी थी। बीएमसी ने इसे जर्जर और खतरनाक घोषित करते हुए सी-1 श्रेणी में रखा था। इस श्रेणी में ऐसी इमारतें आती हैं जिन्हें खतरनाक मानकर गिराना जरूरी होता है। बीएमसी ने 18 और 19 नवंबर को इमारत गिराने की योजना बनाई थी।

ट्रम्प-जिनपिंग और पुतिन की पहली बार एकसाथ मीटिंग

जिनपिंग बोले- परमाणु हथियार इंसान के सिर पर लटकती तलवार, इन्हें खत्म करें

शेनझेन(एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प, चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति



पुतिन ने चीन के शेनझेन शहर में ऐतिहासिक बैठक की। यह पहली बार हुआ जब तीनों नेताओं ने एक साथ त्रिपक्षीय बैठक की। मीटिंग में सबसे पहले परमाणु हथियारों के खतरों पर बातचीत हुई। जिनपिंग ने परमाणु हथियारों को इंसानियत के सिर पर लटकती तलवार बताया। उन्होंने कहा कि इन्हें पूरी तरह खत्म कर देना चाहिए। पुतिन ने कहा कि रूस, चीन और अमेरिका तीनों ने दूसरे विश्व युद्ध में जीत हासिल की थी। इसलिए दुनिया में शांति और सुरक्षा बनाए रखने की जिम्मेदारी भी इन तीनों देशों की है। ट्रम्प ने कहा कि वे इस बात से बेहद खुश हैं कि तीनों देशों के बीच पहली बार त्रिपक्षीय बैठक हो रही है।

ट्रम्प-जिनपिंग और पुतिन की बैठक खत्म



चीन के सरकारी चैनल के मुताबिक, जिनपिंग, ट्रम्प और पुतिन के बीच हुई त्रिपक्षीय बैठक खत्म होने के बाद ट्रम्प का काफिला किलिन विला से एयरपोर्ट के लिए रवाना हुआ। यह बैठक करीब 80 मिनट चली।

सैफ अली को जान से मारने की धमकी

● बाबा सिद्दीकी मर्डर में वांटेड जीशान के नाम से मैसेज आया

मुंबई (एजेंसी)। बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान को जान से मारने की धमकी मिली है। इस मामले में बाबा सिद्दीकी हत्याकांड के वांटेड आरोपी जीशान अख्तर का नाम सामने आया है। मुंबई पुलिस के सूत्रों के अनुसार बताया जा रहा है कि जीशान अख्तर ने सैफ अली खान को धमकी दी है। हालांकि, पुलिस अभी इसकी जांच कर रही है कि धमकी उसी ने दी है या किसी दूसरे व्यक्ति ने उसका नाम इस्तेमाल किया। जांच एजेंसियां यह भी पता लगा रही हैं कि धमकी के पीछे किसी गैंग का हाथ है या कोई शख्स फर्जी पहचान से डर फैला रहा है। फिलहाल, धमकी देने वाले की आधिकारिक पहचान की पुष्टि नहीं हुई है। बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में वांटेड जीशान अख्तर को लेकर पुलिस पहले से सतर्क है।



जबलपुर में हादसा: आग ताप रहे लोगों को ट्रक ने रौंदा

तीन की मौत, दो की हालत गंभीर; मौके पर मची चीख-पुकार

जबलपुर। मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले में गुरुवार तड़के तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे आग ताप रहे लोगों को कुचल दिया। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, हादसा जबलपुर के बाहरी इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग-45 पर भेड़ाघाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत राज फैमिली ढाबा के पास हुआ।

अधिकारी ने बताया कि गुरुवार रात करीब दो बजे शराब दुकान के कर्मचारी, ढाबा संचालक और उसके कर्मचारी सड़क किनारे आग जलाकर ताप रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर हाईवे से नीचे उतर गया। ट्रक ने सबसे पहले ढाबे के सामने खड़ी एक बोलेरो, एक कार और एक पिकअप को टक्कर मारी। इसके बाद आग ताप रहे लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। मक्का की फसल से लदा ट्रक इसके बाद पलट गया।

नगर पुलिस अधीक्षक (सीएसपी)



अर्जुन आयंक मिश्रा ने बताया कि हादसे में शराब दुकान के कर्मचारी बलराम (37) और मोनू (32) तथा ढाबे के कर्मचारी धर्मेंद्र (35) की मौके पर ही मौत हो गई। दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

उपलब्धि ओडिशा और आंध्रप्रदेश समेत कई राज्यों में प्रशासन ने तैयारियां तेज की

तूफान अकवान से पहले ओडिशा से 80 हजार लोग शिफ्ट

● 6 जिलों में 3 दिन स्कूल-आंगनवाड़ी बंद, ● 10 राज्यों में असर की आशंका, ● 110 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेंगी हवाएं

विशाखापट्टनम/चेन्नई/भुवनेश्वर। चक्रवाती तूफान अकवान के खतरे को देखते हुए ओडिशा और आंध्रप्रदेश समेत कई राज्यों में प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। ओडिशा में करीब 80 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। वहीं, छह जिलों में 21 नवंबर तक स्कूल और आंगनवाड़ी केंद्र बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। तूफान का असर देश के 10 राज्यों में देखने को मिल सकता है। इससे निपटने के लिए 74 रेस्क्यू टीमों को तैनात किया गया है। मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक, चक्रवात के शुक्रवार को आंध्रप्रदेश के नरसापुर और ओडिशा के पुरी के बीच तट से टकराने की आशंका है। इस दौरान हवा की रफ्तार 90 से 110 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। तेज हवाओं के साथ भारी बारिश और समुद्र में ऊंची लहरें उठने का खतरा है। इससे पहले गुरुवार को न्यूज एजेंसी एएनआई ने तूफान के तट से टकराने का अनुमान जताया था। चक्रवात के प्रभाव से ओडिशा, पश्चिम बंगाल और आंध्रप्रदेश में बारिश का दौर शुरू हो गया है। नौसेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और अन्य राहत एजेंसियां अलर्ट पर हैं।

- **110 किमी हवा की रफ्तार**



दिखेगा तूफान का असर

- **आंध्र प्रदेश :** चक्रवात का सबसे ज्यादा असर आंध प्रदेश में होने की आशंका है। आज तटीय इलाकों में भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है।
- **ओडिशा :** 21 नवंबर तक राज्य में भारी बारिश का अनुमान है। गंजाम, गजपति, रायगढ़ा, कोरापुट और मलकानगिरी में ज्यादा असर हो सकता है।
- **तमिलनाडु :** उत्तरी तमिलनाडु में भारी बारिश हो सकती है। चेन्नई सहित तटीय इलाकों में जलभराव की आशंका है। हवा की रफ्तार 60 से 70 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती है।
- **पुडुचेरी :** पुडुचेरी और कराईकल में भारी बारिश और तेज हवाएं चलने का अनुमान है। समुद्र में ऊंची लहरें उठ सकती हैं। मछुआरों को समुद्र में जाने से रोका गया है।
- **तेलंगाना :** राज्य के पूर्वी हिस्सों में आज और कल भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। निचले इलाकों में जलभराव और स्थानीय बाढ़ का खतरा है।
- **पश्चिम बंगाल :** दक्षिण 24 परगना, पूर्वी मिदनापुर, पश्चिमी मिदनापुर और झारग्राम में आज भारी बारिश हो सकती है।
- **झारखंड :** आज कुछ इलाकों में बारिश और कहीं-कहीं भारी बारिश होने का अनुमान है।



कॉरपोरेट जगत से मोदी की दो टूक सिर्फ मुनाफा नहीं, रोजगार भी बढ़ाओ

एजेंसी। नई दिल्ली

देश में आर्थिक सुधारों, आसान कर प्रणाली और कंपनियों को दी गई नीतिगत रियायतों के बाद अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कॉरपोरेट जगत से उसकी जवाबदेही को लेकर सीधे सवाल किए हैं। नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की वार्षिक आम बैठक एवं सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने भारतीय उद्योग जगत से आत्ममंथन करने को कहा।



टैक्स में राहत मिली, कर्मचारियों को क्या फायदा हुआ?

प्रधानमंत्री मोदी ने उद्योगपतियों से सवाल किया कि सरकार ने कॉरपोरेट टैक्स में ऐतिहासिक कटौती की और कारोबार को आसान बनाने के लिए कई नीतिगत सुधार किए। इसके बावजूद क्या कंपनियों ने कर्मचारियों की तनख्वाह बढ़ाने और रोजगार के नए अवसर पैदा करने के लिए पर्याप्त कदम उठाए हैं? उन्होंने कहा कि सरकार ने अपनी तरफ से आयकर में राहत देते हुए 12 लाख रुपये तक की आय को टैक्स से बाहर रखने का प्रावधान किया है। अपने कर्मचारियों की सैलरी बढ़ाने और कंपनी में कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने के लिए क्या किया है।

'मोदी जी आप करो, हम देख लेंगे' वाली सोच नहीं चलेगी

प्रधानमंत्री ने उद्योग जगत को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार लगातार आर्थिक सुधारों और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए काम कर रही है, लेकिन इसका लाभ कर्मचारियों और आम लोगों तक भी पहुंचना चाहिए। उन्होंने सवाल किया, ''मैंने तो अपने स्तर से आयकर का दायरा बढ़ाकर 12 लाख रुपये कर दिया। पर क्या आपने अपने कर्मचारियों की तनख्वाह बढ़ाई है? क्या आपने यहां कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई है? मोदी जी आप करो, हम देख लेंगे। क्या ऐसा ही चलेगा?''

कंपनियों को दी गई थी कौन सी बड़ी टैक्स राहत?

प्रधानमंत्री ने उद्योग जगत को सितंबर 2019 में लिए गए उस बड़े नीतिगत फैसले की याद दिलाई, जिसके तहत घरेलू कंपनियों के लिए टैक्स का बोझ काफी कम कर दिया गया था:

- **बेस रेट में कटौती:** मौजूदा घरेलू कंपनियों के लिए आधार कॉरपोरेट टैक्स दर को 30 प्रतिशत से घटाकर 22 प्रतिशत किया गया था।
- **प्रभावी टैक्स दर:** सेस और सरचार्ज मिलाकर कंपनियों के लिए यह प्रभावी दर 25.17 प्रतिशत तय की गई थी।
- **नए मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को प्रोत्साहन:** इसके अतिरिक्त, योग्य नई घरेलू मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों के लिए 15 प्रतिशत की आधार टैक्स दर लागू की गई थी।

आम करदाताओं और मध्यम वर्ग को क्या सहूलियतें मिली हैं?

संबोधन में प्रधानमंत्री ने सरकार द्वारा आम नागरिकों और वेतनभोगी वर्ग को दी गई राहतों का भी ब्योरा रखा:

- **आयकर छूट की सीमा:** उन्होंने रेखांकित किया कि अब ?12 लाख तक की वार्षिक आय पर कोई इनकम टैक्स नहीं लगता है।
- **परचेजिंग पावर और आसान रिफंड:** इससे आम लोगों की क्रय शक्ति (परचेजिंग पावर) में वृद्धि हुई है।
- **सुगम कर प्रणाली:** इनकम टैक्स रिटर्न फाइलिंग और रिफंड की प्रक्रिया को बेहद आसान और पारदर्शी बनाया गया है, जिससे करदाताओं का पैसा सरकारी तंत्र में अटका न रहे।

रोजगार पर उद्योग जगत की क्या भूमिका होनी चाहिए?

प्रधानमंत्री मोदी ने कंपनियों से आग्रह किया कि वे रोजगार सृजन, घरेलू निवेश और देश के दीर्घकालिक आर्थिक विकास में अपने योगदान का गंभीरता से मूल्यांकन करें। उन्होंने जोर दिया कि किसी भी नीति का अंतिम उद्देश्य केवल बैलेंस शीट मजबूत करना नहीं, बल्कि देश के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर तैयार करना और उनकी आय में वास्तविक वृद्धि दर्ज कराना होना चाहिए। उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से यह भी कहा कि हमें देश का सर ऊंचा करना है या माथ नीचा करना है, यह आप लोग तय करो। वर्षों पहले गांधी जी ने भी यही कहा था, और आज मैं भी आपसे यही कह रहा हूं। मेरी नहीं तो गांधी की तो मान लीजिए।

किन नए सेक्टरों में निवेश और 'इंडिया फर्स्ट' अप्रोच की अपील की गई?

देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रधानमंत्री ने निजी क्षेत्र के सामने कुछ स्पष्ट प्राथमिकताएं रखीं:

- **कृषि और संबद्ध क्षेत्र:** उन्होंने उद्योग जगत से विशेष रूप से कृषि और उससे जुड़े संबद्ध क्षेत्रों में अधिक निवेश करने का आग्रह किया।
- **'इंडिया फर्स्ट' विजन:** अगले दो दशकों के लिए निवेश संबंधी फैसले लेते समय कंपनियों से 'इंडिया फर्स्ट' दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया गया, जिससे देश आत्मनिर्भर बन सके और उद्योगों के लिए भी विकास के नए अवसर खुलें।
- **सुधारों के लिए सीधा संवाद:** प्रधानमंत्री ने कॉर्पोरेट लीडर्स से कहा, 'बिना किसी झिझक या संकोच के, खुलकर मुझे पत्र लिखकर बताएं कि अभी किन चीजों में सुधार की जरूरत है।

गरीबी उन्मूलन और वेल्थ क्रिएटर्स के सम्मान पर क्या रहा संदेश?

विश्व बैंक की ताजा रिपोर्ट का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की विकास दर तेज है और लोग तेजी से गरीबी से बाहर निकल रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार, महज 12-13 वर्षों में 50 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आ चुके हैं। इसके साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी देश तभी प्रगति करता है जब वह अपने किसानों, छोटे उद्यमियों, उद्योगों, संपत्ति सृजकों (वेल्थ क्रिएटर्स) और करदाताओं का सम्मान करता है, न कि उन्हें दिन-रात कोसने से।

उद्योग जगत से आत्ममंथन की अपील

प्रधानमंत्री ने कहा कि कंपनियों को इस बात पर गंभीरता से विचार करना चाहिए कि सरकार की ओर से दी गई रियायतों और सुधारों का जमीनी स्तर पर कितना फायदा पहुंचा है। उन्होंने उद्योगपतियों से रोजगार सृजन, कर्मचारियों की आय में वृद्धि और आर्थिक विकास में अपनी भागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया। मोदी ने उद्योग जगत की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि वह लगातार भारतीय कारोबार और उद्योग की उपलब्धियों की सराहना कर रहे हैं, लेकिन उद्योग जगत को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। उन्होंने टिप्पणी की, ''मैं आपके गीत गा रहा हूं और आप सोए पड़े हो।'' प्रधानमंत्री के इस संबोधन का मुख्य संदेश यह रहा कि आर्थिक सुधारों और सरकारी रियायतों का लाभ केवल कंपनियों के मुनाफे तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उसका असर रोजगार, वेतन और कर्मचारियों के जीवन स्तर में सुधार के रूप में भी दिखाई देना चाहिए।



म्यांमार में रोहिंग्या नरसंहार के सबूत, 10 हजार मौतों का दावा

अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में 2017 की सैन्य कार्रवाई पर सुनवाई, महिलाओं से यौन हिंसा और बच्चों की हत्या के भी आरोप

एजेंसी। हेग

म्यांमार में रोहिंग्या मुस्लिम समुदाय के खिलाफ हुई सैन्य हिंसा को लेकर अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में अहम सुनवाई चल रही है। गुरुवार को अदालत ने कहा कि उसके सामने ऐसे सबूत मौजूद हैं, जिनसे संकेत मिलता है कि वर्ष 2017 में म्यांमार की सेना ने करीब 10 हजार रोहिंग्या लोगों की हत्या की थी। मामले की सुनवाई हेग स्थित अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में 15 न्यायाधीशों की पीठ कर रही है।



रोहिंग्या कौन हैं और म्यांमार छोड़कर बांग्लादेश क्यों गए?

रोहिंग्या म्यांमार का एक मुस्लिम अल्पसंख्यक समुदाय है। बड़ी संख्या में रोहिंग्या लोग म्यांमार के रखाइन प्रांत में रहते थे। अगस्त 2017 में म्यांमार की सेना ने इस इलाके में बड़ा सैन्य अभियान शुरू किया। सेना ने दावा किया कि एक रोहिंग्या विद्रोही संगठन के हमले के जवाब में यह कार्रवाई की गई थी। लेकिन इस अभियान के दौरान बड़े पैमाने पर हिंसा के आरोप लगे।

महिलाओं से यौन हिंसा, बच्चों को भी नहीं छोड़ा

अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के अध्यक्ष यूजी इवासावा ने सुनवाई के दौरान कहा कि म्यांमार के सुरक्षा बलों की कार्रवाई में हजारों रोहिंग्या नागरिकों की जान गई। इस दौरान महिलाओं के साथ बड़े पैमाने पर यौन हिंसा किए जाने और बच्चों को निशाना बनाए जाने के भी सबूत सामने आए हैं। अदालत के समक्ष यह भी कहा गया कि सैन्य बलों ने उन लोगों को भी नहीं बख्शा, जो अपनी जान बचाने के लिए घर छोड़कर भाग रहे थे। हिंसा के दौरान बड़ी संख्या में लोगों को निशाना बनाया गया और समुदाय को भारी तबाही का सामना करना पड़ा।

2017 की सैन्य कार्रवाई से जुड़ा है मामला

यह मामला वर्ष 2017 में म्यांमार के रखाइन प्रांत में रोहिंग्या समुदाय के खिलाफ की गई सैन्य कार्रवाई से संबंधित है। उस दौरान हिंसा और सैन्य अभियान के चलते बड़ी संख्या में रोहिंग्या लोगों को अपना घर छोड़कर पड़ोसी देश बांग्लादेश में शरण लेनी पड़ी थी।

अंतरराष्ट्रीय अदालत में न्याय की लड़ाई

रोहिंग्या समुदाय के खिलाफ कथित अत्याचारों को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लंबे समय से न्याय की मांग उठती रही है। अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में चल रही सुनवाई इसी मामले से जुड़ी है। अदालत के सामने पेश किए गए सबूतों और दलीलों के आधार पर मामले के विभिन्न पहलुओं की जांच की जा रही है। इस सुनवाई पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय की नजरें टिकी हैं।

बांग्लादेश में कैसी है 12 लाख रोहिंग्या शरणार्थियों की जिंदगी?

म्यांमार छोड़ने के बाद करीब 12 लाख रोहिंग्या शरणार्थी बांग्लादेश में रह रहे हैं। इनमें ज्यादातर कॉक्स बाजार जिले के शिविरों में रहते हैं। यहां बड़ी संख्या में लोग बेहद कम जगह में रहने को मजबूर हैं। उनकी जिंदगी आसान नहीं है। शिविरों में कई तरह की परेशानियां हैं।

- **बीमारियों का खतरा:** शिविरों में साफ-सफाई की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। ऐसे में संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा बना रहता है।
- **आग लगने का डर:** भीड़भाड़ वाले शिविरों में आग लगने की आशंका रहती है। ऐसी घटनाएं बड़ी संख्या में लोगों के लिए खतरा बन सकती हैं।
- **मानसून में मुश्किल:** बारिश के मौसम में भूस्खलन का खतरा बढ़ जाता है। इससे शरणार्थियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी रहती है।
- **काम करने पर पाबंदी:** शिविरों में रहने वाले रोहिंग्या लोगों पर रोजगार को लेकर सख्त प्रतिबंध हैं। इससे उनके लिए रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना भी मुश्किल होता है।

गाम्बिया ने अदालत से मांग की है कि म्यांमार रोहिंग्या समुदाय को हुए नुकसान का मुआवजा दे। साथ ही उन्हें म्यांमार की पूरी नागरिकता दी जाए। उन्हें अपने घर लौटने का अधिकार भी मिलना चाहिए। यानी गाम्बिया चाहता है कि रोहिंग्या लोगों को सिर्फ न्याय ही नहीं, बल्कि अपने देश में सम्मान के साथ रहने का अधिकार भी मिले।

यूक्रेन से जुड़े मुकदमों पर क्या असर होगा?

अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में म्यांमार के अलावा दूसरे देशों से जुड़े नरसंहार के मामले भी चल रहे हैं। इनमें गाजा और यूक्रेन से जुड़े मामले शामिल हैं। दक्षिण अफ्रीका ने इस्राइल पर गाजा में सैन्य अभियान के दौरान नरसंहार करने का आरोप लगाया है। इस्राइल ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। इस मामले में फैसला आने में अभी कई साल लग सकते हैं। दूसरी तरफ, यूक्रेन ने रूस के खिलाफ भी अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में मामला दायर किया है।

राहुल गांधी के बयान पर भाजपा का हमला रिजिजू बोले, अपने तौर-तरीके सुधारें

- आईएमएफ और वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट का हवाला देकर केंद्रीय मंत्री ने साधा निशाना
- बोले, विदेश में भारत की अर्थव्यवस्था को बदनाम कर रहे राहुल

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के भारतीय लोकतंत्र को बीमार बताने वाले बयान पर तीखा हमला बोला है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल गांधी को अपने तौर-तरीके सुधारने की नसीहत देते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष होने के नाते उन्हें विदेशों में भारत के बारे में गैर-जिम्मेदाराना बयान देने से बचना चाहिए।

आईएमएफ और वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट का दिया हवाला

किरेन रिजिजू ने कहा कि वह आमतौर पर राहुल गांधी के बयानों पर ज्यादा ध्यान नहीं देते, लेकिन जब नेता प्रतिपक्ष विदेश जाकर भारत के बारे में गलत बातें करते हैं, तो आपत्ति दर्ज कराना जरूरी हो जाता है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी अमेरिका और दूसरे देशों में जाकर दावा करते हैं कि भारत की अर्थव्यवस्था ध्वस्त हो गई है, जबकि पूरी दुनिया भारत को सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल मानती है। रिजिजू ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक का हवाला देते हुए कहा कि ये संस्थाएं भी भारत की आर्थिक वृद्धि को लेकर सकारात्मक आकलन पेश कर रही हैं। इसके बावजूद राहुल गांधी भारतीय अर्थव्यवस्था को मृत बताते हैं। उनके ऐसे बयानों से उनकी अपनी, उनकी पार्टी और पूरे विपक्ष की साख प्रभावित होती है।



'कोई सच्चा भारतीय विदेश में देश के खिलाफ नहीं बोलेगा'

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कोई भी सच्चा भारतीय नहीं चाहेगा कि देश का कोई नागरिक विदेश जाकर भारत के खिलाफ गैर-जिम्मेदाराना बातें करे। उन्होंने राहुल गांधी से अपने राजनीतिक तौर-तरीकों में सुधार करने की अपील की।

शिकागो विश्वविद्यालय में राहुल ने दिया था बयान

दरअसल, राहुल गांधी बुधवार को अमेरिका के शिकागो विश्वविद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे। यहां भारतीय लोकतंत्र की स्थिति पर अपनी बात रखते हुए उन्होंने कहा था कि भारतीय लोकतंत्र बीमार है। उन्होंने यह भी कहा कि उनके लिए भारतीय लोकतंत्र में समस्याओं की बात करना मुश्किल है और इसके लिए उनके पास 100, 200 या 300 प्रतिशत सबूत होने चाहिए। इस दौरान उन्होंने विपक्षी कार्यकर्ताओं के साथ हो रहे व्यवहार का भी मुद्दा उठाया।

गुजरात में वायुसेना का शक्ति प्रदर्शन: जगुआर से चिनूक तक ने दिखाया दम, सैन्य अभ्यास में शामिल हुई तीनों सेना



एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना ने बृहस्पतिवार को गुजरात में बड़े पैमाने पर अभ्यास के दौरान अपनी बढ़ती हवाई ताकत और आपदा राहत क्षमताओं का प्रदर्शन किया। इस अभ्यास में लड़ाकू विमान, परिवहन विमान, हेलिकॉप्टर और रिमोट से संचालित ड्रोन शामिल हुए। यह प्रदर्शन गुजरात में आयोजित बहुराष्ट्रीय मानवीय सहायता एवं आपदा राहत (एचएडीआर) अभ्यास का हिस्सा था। यह प्रदर्शन 'सहायता सेतु 2026' के तहत किया गया। यह वार्षिक संयुक्त मानवीय सहायता एवं आपदा राहत अभ्यास 17 से 19 नवंबर तक जामनगर एयर फोर्स स्टेशन पर आयोजित किया जा रहा है। इस बहु-एजेंसी प्रदर्शन में थल सेना, नौसेना और वायुसेना के साथ भारतीय तटरक्षक बल, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसियों, नागरिक प्रशासन और मित्र देशों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

क्या बोले सीडीएस?

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने बृहस्पतिवार को कहा कि मानवीय सहायता और आपदा राहत भारत की मानव सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। इसके लिए कई एजेंसियों के बीच समन्वित प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने कहा, 'आज की आपदा संभावित दुनिया में प्रभावी प्रतिक्रिया किसी एक एजेंसी की क्षमता नहीं है। इसके लिए पूरे देश के समन्वित प्रयास की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत के आपदा राहत प्रयास 'पड़ोसी प्रथम' नीति और 'महासागर' के व्यापक वैश्विक समुद्री दृष्टिकोण से निर्देशित होते हैं। भारत हिंद महासागर क्षेत्र और हिंद-प्रशांत में एक भरोसेमंद प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता के रूप में उभरा है। उन्होंने तुर्किये में 'ऑपरेशन दोस्त' और म्यांमार में 'ऑपरेशन ब्रह्मा' का उदाहरण देते हुए भारत के मानवीय सहायता अभियानों का उल्लेख किया। उन्होंने सामूहिक तैयारी के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि आपदाएं भौगोलिक सीमाओं को नहीं पहचानतीं। इसलिए हमारी प्रतिक्रिया भी इन सीमाओं से परे होनी चाहिए। तीनों सेनाओं द्वारा संचालित एडवांस्ड लाइट हेलिकॉप्टर (एएलएच) मार्क-ढ्ढङ्क ने भी इसमें हिस्सा लिया। इसके अलावा भारतीय नौसेना के डोर्नियर विमान और थल सेना के एएलएच तथा चीता हेलिकॉप्टर भी अभ्यास में शामिल हुए।

लड़ाकू विमानों से लेकर हेलिकॉप्टर तक ने दिखाया दम

इस अभ्यास में एक आपदा जैसी स्थिति का अनुकरण किया गया। इसमें शामिल एजेंसियों ने आपदा प्रभावित क्षेत्र की हवाई निगरानी और आकलन से लेकर राहत एवं बचाव कार्यों के विभिन्न चरणों का प्रदर्शन किया। भारतीय वायुसेना ने इस प्रदर्शन में जगुआर लड़ाकू विमान, सी-130जे सुपर हरक्यूलिस परिवहन विमान, एमआई-17 हेलिकॉप्टर और रिमोटली पायलटेड क्वाडकॉप्टर तैनात किए।

जीटीए गेम के बहाने मोदी ने दिखाई भारत की तरक्की: जयराम रमेश

- 'युवाओं तक पहुंचने की बेताब कोशिश में पीएम ने वीडियो गेम की तस्वीरों का लिया सहारा'

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर कांग्रेस ने निशाना साधा है। प्रधानमंत्री ने लोकप्रिय वीडियो गेम ग्रैंड थेफ्ट ऑटो-5 और ग्रैंड थेफ्ट ऑटो-6 के जरिए पिछले 13 वर्षों में भारत में हुए बदलावों और विकास की तस्वीर पेश की। इस पर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने तंज कसते हुए कहा कि युवाओं तक पहुंचने की बेताब कोशिश में प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर इन खेलों की तस्वीरों का सहारा लिया है।

जयराम रमेश ने गेम के किरदारों पर उठाए सवाल

जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि इस वीडियो गेम में दो अपराधियों की कहानी दिखाई गई है। उन्होंने प्रधानमंत्री की इस पोस्ट पर व्यंग्य करते हुए कहा कि यह कितना उपयुक्त है। कांग्रेस नेता की इस टिप्पणी के बाद प्रधानमंत्री की पोस्ट को लेकर राजनीतिक चर्चा तेज हो गई।



कमजोर अर्थव्यवस्थाओं की सूची से बाहर निकला भारत

प्रधानमंत्री की पोस्ट में भारत की आर्थिक स्थिति में आए बदलाव को प्रमुखता दी गई है। इसमें बताया गया है कि वर्ष 2013 में भारत को दुनिया की पांच कमजोर अर्थव्यवस्थाओं में शामिल किया गया था, जबकि अब भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। गौरतलब है कि अगस्त 2013 में मॉर्गन स्टेनली के एक विश्लेषक ने पांच कमजोर अर्थव्यवस्थाओं के समूह के लिए यह शब्द इस्तेमाल किया था। इस समूह में भारत के अलावा दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील, इंडोनेशिया और तुर्किये शामिल थे। इन देशों को विदेशी पूंजी पर निर्भरता और वैश्विक आर्थिक उतार-चढ़ाव के प्रति संवेदनशील माना गया था।

पीएम मोदी ने लिखा, भारत अब बिल्कुल नया खेल खेल रहा

दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया खातों पर एक पोस्ट साझा की थी। इसमें ग्रैंड थेफ्ट ऑटो-5 और ग्रैंड थेफ्ट ऑटो-6 की रिलीज के बीच के 13 वर्षों में भारत में हुए बदलावों को दर्शाया गया है। पोस्ट के साथ प्रधानमंत्री ने लिखा, 'भारत अब एक बिल्कुल नया खेल खेल रहा है।' इस पोस्ट में भारतीय अर्थव्यवस्था, गरीबी में कमी, सौर ऊर्जा, इंटरनेट कनेक्टिविटी और अंतरिक्ष क्षेत्र में हुई प्रगति को अलग-अलग तस्वीरों के माध्यम से दिखाया गया है। इसके जरिए प्रधानमंत्री ने पिछली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) सरकार के दौर और मौजूदा समय के बीच आर्थिक एवं विकास संबंधी बदलावों की तुलना भी पेश की।

सौर ऊर्जा और अंतरिक्ष क्षेत्र की उपलब्धियों का जिक्र

प्रधानमंत्री की पोस्ट में पिछले 13 वर्षों के दौरान गरीबी में कमी, स्वच्छता अभियान, बिजली पहुंचाने और सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता में बढ़ोतरी को भी उपलब्धियों के रूप में पेश किया गया है। इसके अलावा अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत के बढ़ते नवाचार और नए उद्यमों के माहौल का उल्लेख करते हुए बताया गया है कि देश में अब 440 पंजीकृत अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी से जुड़े नए उद्यम हैं। इंटरनेट कनेक्टिविटी और तकनीकी विकास को भी भारत की बदलती तस्वीर का हिस्सा बताया गया है।

सोशल मीडिया पर विकास बनाम सियासी तंज

प्रधानमंत्री की पोस्ट जहां विकास और आर्थिक बदलावों को खेल के लोकप्रिय अंदाज में पेश करती है, वहीं जयराम रमेश ने इसी माध्यम को लेकर सवाल उठाए हैं। इस तरह वीडियो गेम के बहाने सोशल मीडिया पर भाजपा और कांग्रेस के बीच राजनीतिक बयानबाजी का नया मुद्दा सामने आ गया है।

दिल्ली के स्कूलों व उच्च शिक्षण संस्थानों में 'एहसास' नीति का शुभारंभ

एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में स्कूलों और उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए 'एहसास 2026' नाम की 'मेंटल हेल्थ एंड वेल-बीइंग पॉलिसी' लॉन्च की। इस नीति का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाना, विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को इस विषय पर खुलकर संवाद करने तथा मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद, पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक एवं आध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रविशंकर सहित हजारों लोग उपस्थित रहे। उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक खुशहाली को शिक्षा का अभिन्न हिस्सा बनाना आज की जरूरत है।



राजस्थान शिक्षा विभाग में एक लाख से अधिक पद रिक्त, नियुक्तियों के बावजूद हर चौथा पद खाली,

4.13 लाख स्वीकृत पदों में से 3.12 लाख पर ही कार्मिक कार्यरत; शिक्षक संवर्ग में करीब 46 प्रतिशत पद रिक्त, व्याख्याता के 15 हजार से अधिक पद खाली

शिक्षक संघ रेसटा ने भर्ती के साथ नियमित डीपीसी करवाने की उठाई मांग

स्मार्ट हलचल

टोंक। राजस्थान के शिक्षा विभाग में बड़े पैमाने पर नियुक्तियों एवं पदोन्नतियों के बावजूद कार्मिकों की कमी दूर नहीं हो पा रही है। शालादर्पण पोर्टल पर 1 नवंबर 2026 तक उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में कुल 4,13,382 स्वीकृत पदों में से 3,12,536 पदों पर ही कर्मचारी कार्यरत हैं, जबकि 1,00,846 पद रिक्त पड़े हैं। इस प्रकार विभाग के लगभग 24.39 प्रतिशत पद खाली हैं। यानी शिक्षा विभाग में हर चौथा पद कार्मिक के इंतजार में है। इसका सीधा असर विद्यालयों की शिक्षण व्यवस्था एवं विभागीय प्रशासनिक कामकाज पर पड़ रहा है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार 15 दिसंबर 2023 से 31 अक्टूबर 2026 तक प्रदेश में 41,688 नियुक्तियां हुईं, जबकि 66,047 कार्मिकों को पदोन्नति एवं अन्य माध्यमों से पदस्थापन किया गया। इस प्रकार कुल 1,07,735 नियुक्ति एवं पदस्थापन की प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद रिक्तियों का आंकड़ा एक लाख से अधिक बना हुआ है। इससे स्पष्ट है कि विभाग में मानव संसाधन की आवश्यकता के अनुरूप भर्ती एवं पदोन्नति की गति पर्याप्त नहीं रही है।

शिक्षक संवर्ग में सबसे अधिक रिक्तियां

शिक्षा विभाग के विभिन्न संवर्गों में रिक्त पदों की स्थिति चिंताजनक है। वरिष्ठ शिक्षक संवर्ग में स्वीकृत 1,09,845 पदों में से केवल 59,494 पर कार्मिक कार्यरत हैं, जबकि 50,351 पद खाली हैं। इस संवर्ग में करीब 46 प्रतिशत पद रिक्त हैं। इसी प्रकार व्याख्याता संवर्ग के 59,602 स्वीकृत पदों में से 44,583 पर ही कार्मिक कार्यरत हैं और लगभग 15,020 पद रिक्त हैं। इसके अतिरिक्त शारीरिक शिक्षा शिक्षक के 1,788, कंप्यूटर अनुदेशक के 3,724 तथा कनिष्ठ सहायकों के 6,002 पद खाली हैं। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संवर्ग में भी 5,286 पदों पर नियुक्तियां नहीं हुई हैं। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी के 169 और उपनिदेशक के 35 पद भी रिक्त चल रहे हैं।

52,582 पदों पर भर्ती प्रक्रिया विभिन्न चरणों में

विभाग की ओर से 52,582 पदों पर भर्ती के लिए राजस्थान लोक सेवा आयोग एवं कर्मचारी चयन बोर्ड को अभ्यर्थनाएं भेजी गई हैं अथवा भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई है। वरिष्ठ अध्यापक भर्ती-2025 के 9,651 पदों की परीक्षा आयोजित हो चुकी है तथा आगे की प्रक्रिया जारी है। हालांकि, प्रस्तावित भर्तियों के पूर्ण होने तक वर्तमान रिक्तियों का दबाव बना रहना तय है।

विद्यालयों में शिक्षण और कार्यालयों में प्रशासनिक कामकाज प्रभावित

राज्य के 19,986 उच्च माध्यमिक विद्यालयों में करीब 49.78 लाख विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। ऐसे में शिक्षकों के हजारों पद खाली रहने से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाने की चुनौती बढ़ रही है। कई विद्यालयों में उपलब्ध शिक्षकों को अतिरिक्त कक्षाएं एवं अन्य जिम्मेदारियां निभानी पड़ रही हैं। दूसरी ओर कार्यालयों में मंत्रालयिक एवं अन्य कार्मिकों की कमी के कारण प्रशासनिक कार्यों के निष्पादन पर भी असर पड़ रहा है।

भर्ती के साथ नियमित पदोन्नति करवाना भी जरूरी : सलावद

शिक्षक संघ एलीमेंट्री सेकेंडरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा), राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद ने कहा कि शिक्षा विभाग में एक लाख से अधिक पद रिक्त रहना गंभीर चिंता का विषय है। नियुक्तियों के बड़े आंकड़ों के बावजूद रिक्तियों में अपेक्षित कमी नहीं आना बताता है कि मानव संसाधन प्रबंधन के लिए ठोस कार्ययोजना की आवश्यकता है। उन्होंने राज्य सरकार से सभी संवर्गों के खाली पदों पर शीघ्र भर्ती करवाने तथा लंबित विभागीय पदोन्नति समितियों (डीपीसी) की बैठकें नियमित एवं समयबद्ध आयोजित करने की मांग की। सलावद ने कहा कि समय पर पदोन्नति नहीं होने से पात्र कार्मिकों को उनका अधिकार नहीं मिल पाता और उच्च पदों पर रिक्तियां भी बनी रहती हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को भर्ती, डीपीसी एवं पदस्थापन की समन्वित कार्ययोजना बनाकर शिक्षा विभाग में कर्मचारियों की कमी दूर करनी चाहिए, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो तथा कार्यरत शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों पर अतिरिक्त कार्यभार का बोझ कम किया जा सके।

एक नजर में शिक्षा विभाग की स्थिति

कुल स्वीकृत पद : 4,13,382
कार्यरत कार्मिक : 3,12,536
रिक्त पद : 1,00,846
रिक्तियों का प्रतिशत : 24.39 प्रतिशत
कार्यरत कार्मिकों का प्रतिशत : 75.61 प्रतिशत
15 दिसंबर 2023 से 31 अक्टूबर 2026 तक नियुक्तियां : 41,688
पदोन्नति एवं अन्य माध्यमों से पदस्थापन : 66,047
भर्ती प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में पद : 52,582
स्रोत : शालादर्पण पोर्टल एवं विभागीय आंकड़े, 1 नवंबर 2026।

जिले में पंचायत समिति एवं जिला परिषद सदस्य पदों के लिए दोनों चरणों में कुल 9 लाख 7 हजार 87 मतदाताओं ने किया मतदान



पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए 783 तथा जिला परिषद सदस्य पदों के लिए 111 प्रत्याशी रहे चुनाव मैदान में

स्मार्ट हलचल

भीलवाड़ा, 19 नवंबर। पंचायत राज आम चुनाव 2026 के अंतर्गत भीलवाड़ा जिले में पंचायत समिति एवं जिला परिषद सदस्य पदों के निर्वाचन के लिए दोनों चरणों में व्यापक स्तर पर चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। जिले की कुल 16 पंचायत समितियों के 288 पंचायत समिति सदस्य पदों के निर्वाचन के लिए कुल 783 प्रत्याशियों ने चुनाव में भाग लिया। इनमें 363 पुरुष एवं 420 महिला प्रत्याशी शामिल रहीं। इसी प्रकार, जिला परिषद के कुल 45 वार्डों में सदस्य पदों के लिए 111 प्रत्याशी चुनाव मैदान में रहे। जिले में पंचायत समिति सदस्य एवं जिला परिषद सदस्य पदों के निर्वाचन के लिए आयोजित प्रथम चरण में कुल 563609 एवं दूसरे चरण में कुल 343478 मतदाता एवं दोनों चरणों में कुल 907087 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतगणना शुक्रवार, 20 नवंबर को राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज तिलक नगर में प्रातः 8:00 बजे से शुरू की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

इंदिरा गांधी जयंती पर कांग्रेस कार्यालय में पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित

'इंदिरा गांधी अमर रहें' के नारों से गूंजा कांग्रेस कार्यालय

स्मार्ट हलचल



गंगापुर। भारत की पूर्व प्रधानमंत्री एवं देश की लौह महिला के नाम से प्रसिद्ध स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर गंगापुर कांग्रेस कार्यालय में पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने इंदिरा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके देश के प्रति समर्पण, साहस, नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को याद किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 'इंदिरा गांधी अमर रहें' के नारों के साथ उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि इंदिरा गांधी ने अपने दृढ़ नेतृत्व, साहसिक निर्णयों और देशहित में किए गए कार्यों से भारतीय राजनीति में एक अमिट पहचान बनाई। उनका जीवन देश की एकता, अखंडता और जनसेवा के प्रति समर्पण का प्रेरणादायी उदाहरण है। इस अवसर पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष धीरज चंदेल, उपाध्यक्ष रूपचंद सैनी, अध्यक्ष प्रतिनिधि लखन काकानी, पार्षद रामप्रसाद माली, पूर्व अध्यक्ष दिनेश तेली , पूर्व पार्षद बंसीलाल रेगर, गजेंद्र माली, विजय चौहान, बालकिशन चंदेल मनीष तिवारी नवीन व्यास सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी उपस्थितजनों ने इंदिरा गांधी के आदर्शों पर चलने तथा जनसेवा, सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रहित के कार्यों में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

82 जोड़े एक साथ लेंगे सात फेरे, खटीक समाज का 13वां सामूहिक विवाह सम्मेलन कल

राजस्थान सहित गुजरात और मध्यप्रदेश से पहुंचेंगे वर-वधू, प्रत्येक जोड़े को 35 हजार रुपये के उपहार; तैयारियां पूरी

स्मार्ट हलचल



भीलवाड़ा। सामाजिक एकता और सादगीपूर्ण विवाह परंपरा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से श्री शिव मंडल खटीक समाज सेवा संस्थान की ओर से 20 नवंबर को 13वां सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। तिलक नगर स्थित खटीक समाज छात्रावास (अहिंसा सर्किल) में होने वाले इस आयोजन में 82 जोड़े विवाह बंधन में बंधकर एक-दूसरे के हमसफर बनेंगे। सम्मेलन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। राजस्थान के अलावा गुजरात और मध्यप्रदेश से भी वर-वधू विवाह समारोह में शामिल होने पहुंचेंगे। संस्थान अध्यक्ष बंसीलाल पटेल ने पत्रकार वार्ता में बताया कि समाजजनों के सहयोग से आयोजित होने वाले इस सम्मेलन की शुरुआत 20 नवंबर को सुबह 9 बजे भव्य शोभायात्रा और बिंदोली के साथ होगी। शोभायात्रा शिव मंदिर दादाबाड़ी से रवाना होकर पुरानी धानमंडी, कसारा मोहल्ला होते हुए तिलक नगर रोड से निकलेगी और खटीक समाज छात्रावास, अहिंसा सर्किल पहुंचेगी। इसके बाद विवाह की विभिन्न रस्में और धार्मिक कार्यक्रम संपन्न होंगे। पटेल ने बताया कि संस्थान की ओर से अब तक 12 सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें 1069 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया है। अब 13वें सम्मेलन में 82 जोड़े विवाह सूत्र में बंधेंगे। इस तरह संस्थान के माध्यम से अब तक 1151 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया जा चुका होगा। विवाह सम्मेलन के मुख्य अतिथि धौलपुर के पूर्व सांसद मनोज राजोरिया होंगे, जबकि अध्यक्षता सांसद दामोदर अग्रवाल करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में विधायक अशोक कोठारी, पूर्व विधायक विट्ठल शंकर अवस्थी एवं धीरज गुर्जर शामिल होंगे। इसके अलावा प्रशासनिक अधिकारी सुनीता राजोरिया, उद्योगपति हरजेश नारायणिया, अखिल भारतीय खटीक समाज के प्रदेश अध्यक्ष कांतिलाल चंदेल, जिला कलेक्टर, जिला पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहित कई गणमान्य अतिथियों के शामिल होने की संभावना है।

प्रत्येक जोड़े को 35 हजार रुपये के उपहार

संस्थान की ओर से विवाह बंधन में बंधने वाले प्रत्येक जोड़े को 35 हजार रुपये के उपहार भेंट किए जाएंगे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में सामूहिक विवाह की परंपरा को प्रोत्साहित करना, सामाजिक एकता और भाईचारे को मजबूत करना तथा शादी-विवाह में होने वाले अनावश्यक खर्च को कम करना है। पत्रकार वार्ता में महामंत्री शिवराम डीडवानिया (जीपी), सत्यनारायण खोईवाल, लक्ष्मीनारायण डीडवानिया, सचिव राधेश्याम सोलंकी, कोषाध्यक्ष डॉ. श्यामलाल पटेल, संयोजक हजारीलाल सोलंकी, शांतिलाल चावला, श्यामलाल खींची, अंबालाल पटेल, पुष्पेंद्र पटेल, रमेश खोईवाल सहित समाज के कई पदाधिकारी एवं समाजजन मौजूद रहे।

कोटा में 16.431 किलो अफीम जब्त, ब्रेजा कार सहित दो गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

कोटा। नशा मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन), कोटा के अधिकारियों ने 18 नवंबर को हैंगिंग ब्रिज टोल, कोटा पर कार्रवाई करते हुए एक ब्रेजा कार से 16.431 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद की। अफीम कार की स्टेपनी में छिपाकर रखी गई थी। इस मामले में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है तथा कार को भी जब्त कर लिया गया है। केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो, राजस्थान के उप नारकोटिक्स आयुक्त, कोटा श्री नरेश बुन्देल ने बताया कि सीबीएन अधिकारियों को विशेष सूचना मिली थी कि राजस्थान नंबर की एक ब्रेजा कार में झालावाड़ से जयपुर की ओर भारी मात्रा में अफीम ले जाई जा रही है। सूचना के आधार पर सीबीएन कोटा की टीम ने संदिग्ध मार्ग पर निगरानी रखी तथा हैंगिंग ब्रिज टोल पर संदिग्ध कार की पहचान कर उसे रुकवाया। तलाशी के दौरान कार की स्टेपनी में छिपाकर रखे गए नौ पैकेट बरामद हुए, जिनमें कुल 16.431 किलोग्राम अवैध अफीम पाई गई। उप नारकोटिक्स आयुक्त ने बताया कि 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो मादक पदार्थों की तस्करी के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति पर कार्य कर रहा है। ब्यूरो का उद्देश्य मादक पदार्थों की जब्ती के साथ-साथ अवैध तस्करी नेटवर्क एवं ड्रग कार्टेल्स पर प्रभावी अंकुश लगाना है। मादक पदार्थों के विरुद्ध यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद अफीम एवं कार को जब्त कर लिया गया तथा दोनों आरोपियों को नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम, 1985 की संबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया है। मामले में आगे की जांच जारी है।



मतपेटियों से आज निकलेगा गांवों की सरकार का फैसला, सुबह 8 बजे शुरू होगी मतगणना

सनातन धर्म राजकीय महाविद्यालय में सात पंचायत समितियों की होगी गिनती, जिला निर्वाचन अधिकारी ने परखी तैयारियां

स्मार्ट हलचल



ब्यावर । पंचायतीराज चुनाव के बाद अब शुक्रवार को जनादेश की तस्वीर साफ होगी। जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव की मतगणना 20 नवंबर को सनातन धर्म राजकीय महाविद्यालय, ब्यावर में सुबह 8 बजे से शुरू होगी। मतगणना की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी कमल राम मीना ने गुरुवार को मतगणना स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कमल राम मीना ने मतगणना कक्षों, गणना पर्यवेक्षकों एवं सहायकों की बैठक व्यवस्था, मतगणना अभिकर्ताओं के स्थान, ईवीएम स्ट्रांग रूम, प्रवेश, सुरक्षा और पार्किंग व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सभी व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मतगणना के लिए पंचायत समिति वार अलग-अलग कक्ष निर्धारित किए गए हैं। रास की मतगणना कमरा नंबर 22, जैतारण की स्टेज हॉल, रायपुर की प्रथम तल स्थित कमरा नंबर 127, जवाजा की कमरा नंबर 28, नरबदखेड़ा की कमरा नंबर 29, बदनोर की कमरा नंबर 122 तथा मसूदा की कमरा नंबर 05 में होगी। इसी के साथ संबंधित जिला परिषद वार्डों की मतगणना भी की जाएगी।

सुबह 6 बजे से मिलेगा प्रवेश

मतगणना स्थल पर अभ्यर्थियों, निर्वाचन अभिकर्ताओं एवं मतगणना एजेंटों के लिए महाविद्यालय का मुख्य प्रवेश द्वार निर्धारित किया गया है। प्रवेश प्रक्रिया सुबह 6 बजे से शुरू होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी संबंधितों से निर्धारित समय पर पहुंचने तथा प्रवेश पास एवं अन्य दिशा-निर्देशों की पालना करने की अपील की है, ताकि मतगणना कार्य शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके।

10 महीने से पुलिस को चकमा दे रहा डोडा-चूरा तस्करी का आरोपी गिरफ्तार, वारदात में प्रयुक्त बाइक जब्त



नारायण गुर्जर की गिरफ्तारी के बाद खुला था भगचंद का नाम, ठिकाने बदलकर रह रहा था आरोपीय मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दबोचा

स्मार्ट हलचल

शाहपुरा एनडीपीएस एक्ट के मामले में करीब 10 महीने से फरार चल रहे एक वांछित आरोपी को फूलियाकलां थाना पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी लगातार अपने ठिकाने बदलकर पुलिस से बचने का प्रयास कर रहा था। आखिरकार मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने प्रकरण में घटना के दौरान प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त की है। पुलिस के अनुसार फूलियाकलां थाना क्षेत्र के प्रकरण संख्या 35ध्2026 में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8ध15 एवं 8ध29 के तहत वांछित आरोपी भगचंद गुर्जर (31) निवासी डेलास को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजुम कायल तथा शाहपुरा वृत्ताधिकारी नानालाल सालवी के सुपरविजन में थाना प्रभारी दिनेश कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने की।

25 किलो 180 ग्राम डोडा चूरा बरामदगी से जुड़ा था मामला

पुलिस की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 12 फरवरी 2026 को उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह ने पुलिस टीम के साथ रामपुरा (देवरिया खेड़ा) गांव में कार्रवाई करते हुए नारायण लाल गुर्जर (34) निवासी रामपुरा के कब्जे से दो प्लास्टिक के कट्टों में भरा 25 किलो 180 ग्राम डोडा चूरा बरामद किया था। पुलिस ने मादक पदार्थ जब्त कर नारायण लाल को गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान नारायण लाल ने पुलिस को बताया कि उसने यह डोडा चूरा भगचंद गुर्जर निवासी डेलास से खरीदा था। इस जानकारी के बाद पुलिस भगचंद की तलाश में जुट गई। नारायण लाल की गिरफ्तारी की सूचना मिलने पर भगचंद अपने घर से फरार हो गया और लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस की पकड़ से बचता रहा।

मुखबिर की सूचना पर गिरफ्त में आया

करीब 10 महीने तक फरारी काट रहे भगचंद को पुलिस ने 18 नवंबर 2026 को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी को पूछताछ एवं अनुसंधान के बाद न्यायालय में पेश किया जाएगा। मामले में मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त की कड़ियों को लेकर आगे की जांच जारी है। कार्रवाई में थाना प्रभारी दिनेश कुमार के साथ हेड कांस्टेबल रामरतन, कांस्टेबल सुरेश एवं मनीष शामिल रहे। पुलिस अब प्रकरण से जुड़े अन्य तथ्यों की जांच कर रही है।

गैस सब्सिडी चाहिए तो तुरंत कर लें ये काम, वरना अटक सकती है राशि!



जनाधार और LPG पोर्टल पर बैंक खाता अपडेट होना अनिवार्य, जिला रसद अधिकारी ने लाभार्थियों को किया अलर्ट

स्मार्ट हलचल

भीलवाड़ा(महेन्द्र नागौरी) मुख्यमंत्री रसोई गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना का लाभ ले रहे उपभोक्ताओं के लिए महत्वपूर्ण सूचना है। यदि आपके बैंक खाते का विवरण जनाधार और LPG सब्सिडी पोर्टल पर अपडेट नहीं है, तो आपकी सब्सिडी की राशि अटक सकती है। डीबीटी के जरिए खाते में सब्सिडी पाने के लिए दोनों पोर्टल पर परिवार के मुखिया का सही बैंक खाता दर्ज होना अनिवार्य कर दिया गया है। जिला रसद अधिकारी ने योजना के सभी पंजीकृत लाभार्थियों को आगाह करते हुए कहा है कि वे अपने बैंक खाते के विवरण की तत्काल जांच कर लें। जनाधार में दर्ज बैंक खाता और LPG Subsidy Portal पर अपडेट बैंक खाता एक समान एवं सही होना जरूरी है। दोनों में किसी भी तरह की गड़बड़ी होने पर सब्सिडी भुगतान प्रभावित हो सकता है।

खाता बदला है तो दोनों जगह अपडेट कराएं

यदि परिवार के मुखिया ने बैंक खाता बदल लिया है, तो केवल जनाधार में नया खाता दर्ज करवाना पर्याप्त नहीं होगा। नया बैंक खाता जनाधार के साथ-साथ LPG सब्सिडी पोर्टल पर भी अपडेट करवाना होगा। वहीं, नए पंजीकृत लाभार्थियों को योजना में मैपिंग करवाते समय ही दोनों पोर्टल पर सही बैंक विवरण दर्ज करवाने के निर्देश दिए गए हैं।

यहां करें बैंक खाते की जांच और अपडेटः-

LPG सब्सिडी पोर्टल पर बैंक खाते का विवरण अपडेट करने के लिए विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक का उपयोग किया जा सकता है। पोर्टल- लिंकः https// lpgsubsidy. rajasthan.gov .in/Home/Inde& विभागीय वेबसाइटः httpsÑ//food .rajasthan. gov.in जिला रसद अधिकारी ने सभी लाभार्थियों से अपील की है कि अंतिम समय की परेशानी से बचने के लिए बैंक खाते का विवरण अभी जांच लें और जरूरत पड़ने पर तत्काल संशोधन करवाएं, ताकि मुख्यमंत्री रसोई गैस सिलेंडर सब्सिडी की राशि डीबीटी के माध्यम से बिना किसी बाधा के खाते में पहुंच सके।

'खेलो राजस्थान गेम्स 2026' का आगाज 1 दिसंबर से

12 पारंपरिक और आधुनिक खेलों में सभी आयु वर्ग के खिलाड़ी ले सकेंगे हिस्सा

पंजीयन को लेकर युवाओं में उत्साह

स्मार्ट हलचल

उदयपुर, 19 नवम्बर। प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और उन्हें मंच प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् द्वारा 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स' की तर्ज पर 'खेलो राजस्थान गेम्स 2026' का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री की बजट घोषणा वर्ष 2024-25 की अनुपालना में आयोजित होने वाले इन खेलों का शुभारंभ 1 दिसंबर 2026 से प्रस्तावित है। इसमें प्रदेश के सभी आयु वर्ग के खिलाड़ी अपना ऑनलाइन पंजीयन करवाकर भाग ले सकेंगे। जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल के निर्देशन में उदयपुर जिले में खेलो राजस्थान गेम्स को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। पंजीयन को लेकर खिलाड़ियों एवं आमजन में खासा उत्साह है।

तीन चरणों में होंगी 12 खेल प्रतियोगिताएं

इस महाकुंभ में कुल 12 खेलों को शामिल किया गया है, जिनका आयोजन तीन चरणों में होगा। प्रथम चरण 1 दिसंबर से 15 जनवरी 2027 तक कुल 46 दिन चलेगा। इस दौरान वॉलीबॉल, एथलेटिक्स, रस्साकशी और तीरंदाजी खेल होंगे। द्वितीय चरण 1 अप्रैल से 15 मई 2027 तक कुल 45 दिन के लिए प्रस्तावित है। इसमें कबड्डी, फुटबॉल, जूडो और शूटिंग खेल होंगे। तृतीय चरण 15 अगस्त से 30 सितंबर 2027 तक कुल 47 दिन के लिए प्रस्तावित है। इसमें खो-खो, कुश्ती, बास्केटबॉल और सतोलिया खेल होंगे।

ग्रामीण और शहरी स्तर पर आयोजन की रूपरेखा

खेलों का आयोजन ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में अलग-अलग स्तरों पर किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र में कुल 46 दिन के आयोजन होंगे। इसमें ग्राम पंचायत स्तर पर 26 दिन, ब्लॉक स्तर पर 10 दिन, जिला स्तर पर 5 दिन और राज्य स्तर पर 5 दिन प्रतियोगिताएं होंगी। इसी प्रकार शहरी क्षेत्र में कुल 24 दिन के आयोजन होंगे। इसमें नगर पालिका, नगर परिषद एवं नगर निगम स्तर पर 14 दिन, जिला स्तर पर 5 दिन और राज्य स्तर पर 5 दिन प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

जनआधार कार्ड से ऑनलाइन पंजीयन

जिला खेल अधिकारी डॉ महेश पालीवाल ने बताया कि खिलाड़ियों के ऑनलाइन पंजीकरण के लिए विभाग द्वारा खेलोराजस्थान डॉट राजस्थान डॉट जीओवी डॉट इन पोर्टल की सुविधा शुरू की है। कोई भी खिलाड़ी अपने जनआधार कार्ड का विवरण दर्ज कर पंजीयन करवा सकता है। डॉ पालीवाल ने अधिक से अधिक लोगों को रजिस्ट्रेशन कराकर खेलो राजस्थान गेम्स में सहभागिता की अपील की है।

शत प्रतिशत पंजीयन के निर्देश

जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल ने सभी अधिकारियों को खेलो राजस्थान गेम्स के सुचारू आयोजन तथा खिलाड़ियों के शत प्रतिशत पंजीयन को लेकर निर्देश जारी किए हैं। जिला कलक्टर ने जिले में अधिकाधिक खिलाड़ियों और विद्यालयों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाने के साथ ही नगर निगम, यूडीए, शिक्षा विभाग, जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाइड, खेल छात्रावासों और राजकीय व निजी महाविद्यालयों के माध्यम से समस्त खिलाड़ियों का पोर्टल पर शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित के निर्देश दिए हैं।

आयोजन के लिए समितियों का गठन

खेलों के सफल संचालन के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर सरपंच, ब्लॉक स्तर पर उपखण्ड अधिकारी तथा नगर निकाय स्तर पर जिला कलक्टर या उपखण्ड अधिकारी को संयोजक बनाया गया है। ये समितियां खेल मैदानों के चिन्हिकरण, रेफरी व उपकरणों की व्यवस्था करने के साथ-साथ सांस्कृतिक संध्या और राजकीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार भी सुनिश्चित करेंगी।

गिलुण्ड में 11 दिन तक भक्ति का उत्सव

श्री चारभुजा जी महाराज और तुलसी माँ के विवाह का भव्य आयोजन

स्मार्ट हलचल

ओम जैन शंभूपुरा। ग्राम गिलुण्ड में श्री चारभुजा जी महाराज का शुभ विवाह महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। समस्त ग्रामवासियों द्वारा आयोजित इस भजन संध्या एवं ठाकुर जी विवाह मंगल उत्सव की तैयारियां पूर्ण की गई।

11 नवम्बर से 21 नवम्बर तक उत्सव

यह भव्य आयोजन कार्तिक शुक्ल 2, बुधवार दिनांक 11 नवम्बर 2026 से लेकर कार्तिक शुक्ल 12, शनिवार दिनांक 21 नवम्बर 2026 तक चलेगा। 11 नवम्बर को श्री विनायक एवं चाक पूजन - रात्रि 8.00 बजे, बड़ा विनायक रात्रि 8.15 बजे हुआ। 18 नवम्बर, बुधवार को महिला भजन संध्या हुई, 19 नवम्बर गुरुवार को मेल माण्डा रात्रि 7 बजे, पुरुष भजन संध्या रात्रि 8 बजे हुई एवं आज 20 नवम्बर शुक्रवार को मंगल कलश हल्दी एवं मेंहदी दोपहर 1.15 बजे, बिन्दौली सायं 6.00 बजे निकलेगी। वही 21 नवम्बर, शनिवार को शुभ तोरण एवं मंगल परिणय उत्सव सायं 6.15 बजे होगा। स्थानीय सरपँच श्रवण कुमार शर्मा ने बताया कि 20 नवम्बर शुक्रवार को स्वरूचि भोज प्रातः 9.15 बजे तक रहेगा। स्वरूचि भोज भोई समाज की पंचायती नोहरा गिलुण्ड में होगा। वही ठाकुर जी की बारात धनोरा, तहसील निंबाहेड़ा निवासी ऊँकार लाल, च. कृष्णकांत, दीपक, गोविन्द राजोरा के यहां से दिनांक 21 नवम्बर 2026 शनिवार को दोपहर 12.15 बजे प्रस्थान करेगी। समस्त ग्रामवासी गिलुण्ड ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से इस पावन विवाह उत्सव में पधार कर दर्शन लाभ लेने और भजनों का आनंद लेने की अपील की है।

मानवता की मिसाल: डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों ने प्लेटलेट्स दान कर बचाई दो जिंदगियां, 12 वर्षीय बच्ची और आईसीयू में भर्ती महिला को मिला जीवनदान

स्मार्ट हलचल



जयपुर। पूज्य संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां की पावन प्रेरणा पर चलते हुए डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों ने जयपुर के दो अलग-अलग अस्पतालों में गंभीर रूप से बीमार मरीजों को प्लेटलेट्स दान कर मानवता भलाई का अनुकरणीय उदाहरण पेश किया है। सेवादारों की इस त्वरित और निःस्वार्थ पहल से दो मरीजों को संकट की घड़ी में बड़ी राहत मिली है।

जेके लोन अस्पताल में एप्लास्टिक एनीमिया पीड़ित बच्ची के लिए आगे आए धर्मेंद्र इन्सां

पहला मामला एसएमएस अस्पताल परिसर स्थित जेके लोन अस्पताल का है। यहां जगतपुरा कच्ची बस्ती निवासी 12 वर्षीय बच्ची सीमू एप्लास्टिक एनीमिया जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित होकर उपचाराधीन है। बच्ची को प्लेटलेट्स की तत्काल आवश्यकता होने की सूचना मिलते ही डेरा सच्चा सौदा के जयपुर ब्लॉक के कर्मठ सेवादार धर्मेंद्र इन्सां ने अस्पताल पहुंचकर प्लेटलेट्स दान कीं। उल्लेखनीय है कि सेवादार धर्मेंद्र इन्सां मानव सेवा के इस पुनीत कार्य में लंबे समय से जुटे हुए हैं और अब तक 27 बार रक्तदान तथा 61 बार प्लेटलेट्स दान कर चुके हैं।

निम्स हॉस्पिटल में आईसीयू में भर्ती मरीज की मदद को पहुंचे विजेंद्र कुमार सैनी

इसी कड़ी में दूसरा मामला कूकस (जयपुर) स्थित निम्स हॉस्पिटल का है। यहां अलवर की रामनगर कॉलोनी निवासी भावना चतुर्वेदी किडनी फेलियर की गंभीर बीमारी के कारण आईसीयू वार्ड में भर्ती हैं। मरीज की नाजुक स्थिति और प्लेटलेट्स की आवश्यकता को देखते हुए डेरा सच्चा सौदा के कोटपूतली ब्लॉक के नम्र सेवादार विजेंद्र कुमार सैनी इन्सां ने अस्पताल पहुंचकर अपनी अनमोल प्लेटलेट्स दान कीं। जीवनरक्षा की इस मुहिम में निःस्वार्थ भाव से की गई मदद के लिए दोनों मरीजों के परिजनों ने डेरा सच्चा सौदा और सेवादारों का हृदय से आभार जताया।

मासी बांध की नहरों में बहने लगी पानी की धारा, पीपलू उपखंड के किसानों के खिले चेहरे!



पूजा-अर्चना के साथ नहरों में छोड़ा गया सिंचाई का पानी, 29 गांवों को मिलेगा लाभ।

स्मार्ट हलचल

पीपलू(नरेश कुरेडा)।उपखंड क्षेत्र के कई गांवों के किसानों के लिए राहत भरी खबर है। मासी बांध की नहरों में सिंचाई के लिए पानी छोड़े जाने से किसानों में खुशी की लहर है। पूजा-अर्चना के बाद नहरों में पानी प्रवाहित किया गया। नहर में पानी पहुंचते ही किसानों ने देवनारायण भगवान के जयकारे लगाकर खुशी जाहिर की। इससे 29 गांवों को लाभ मिलेगा तथा करीब 6,985 हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचित हो सकेगी। बांध का वर्तमान जलस्तर 9 फीट 4 इंच बताया गया है। नहरों में पानी पहुंचने से पीपलू उपखंड क्षेत्र के किसानों को रबी की फसल की सिंचाई में राहत मिलने की उम्मीद है। लंबे समय से सिंचाई के पानी का इंतजार कर रहे किसानों के लिए यह खुशी का अवसर है।

मोतीकुआ पंचायत में पेयजल समस्या पर युवा नेता इंजीनियर रवि मीणा एवं सरपंच मीना कुमारी ने लिया एक्शन ने लिया एक्शन!

वक्ताश्वष्ठ विभाग के Aen शिवानी ने तत्कालीन प्रभाव से किया ग्रामीणों की समस्या का समाधान

सुल्तानपुर : देहात जिलाध्यक्ष श्री भानु प्रताप सिंह एवं ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती गीता मेघवाल के निर्देशानुसार कांग्रेस युवा नेता इंजीनियर रवि मीणा बल्लभपुरा ने मौके पर जाकर ग्रामीणों की समस्या सुनी। मोतीकुआँ पंचायत निवासी सुरेश ने बताया कि मोटर खराब होने से कई दिनों से पानी की समस्या बनी हुई थी। इस पर युवा नेता इंजीनियर रवि मीणा ने मौके से ही PHED विभाग की AEN मैडम श्रीमती शिवानी एवं मोतिकुआ पंचायत सरपंच मीना कुमारी एवं सरपंच प्रतिनिधि कांग्रेस नेता पुरुषोत्तम जी लश्करी जी से बात की एवं अधिकारियों को पूरी समस्या से अवगत करवाया। AEN मैडम शिवानी ने तुरंत कार्रवाई करते हुए ठेकेदार को निर्देश दिए और मोटर को सही करवाने के लिए टीम मौके पर भेजी। ग्रामीणों ने जिलाध्यक्ष,भानु प्रताप सिंह ब्लॉक अध्यक्ष, गीता मेघवाल सरपंच मीना कुमारी सरपंच प्रतिनिधि पुरुषोत्तम लशकरी एवं युवा नेता इंजीनियर रवि मीणा का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर ब्रजमोहन टाटावत एवं रामप्रसाद लशकरी सुरेश एवं ग्रामीण मौजूद रहे !



एसएमसी प्रशिक्षण से मजबूत होगी सरकारी स्कूलों की व्यवस्था- राज्य में 23 से 28 नवंबर तक तीन चरणों में होगा आयोजन,

राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद ने जारी किया कार्यक्रम, प्रत्येक जिले से तीन-तीन केआरपी लेंगे भाग; जयपुर में होगा राज्य स्तरीय प्रशिक्षण

स्मार्ट हलचल

टोंक। प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में विद्यालय प्रबंधन समितियों (एसएमसी) की भूमिका को अधिक प्रभावी बनाने तथा उनकी कार्यक्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद की ओर से राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण 23 से 28 नवंबर 2026 तक तीन चरणों में जयपुर में आयोजित होगा। इसमें प्रदेश के प्रत्येक जिले से तीन-तीन मुख्य संदर्भ व्यक्ति (केआरपी) भाग लेंगे। इस संबंध में अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक ने समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारियों एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। आदेश के अनुसार प्रशिक्षण अमृता देवी सोसाइटी फॉर फॉरेस्ट्री एंड वाइल्डलाइफ ट्रेनिंग, जवाहर कला केंद्र के पास, जेएलएन मार्ग जयपुर में सुबह 10 बजे से आयोजित होगा। प्रदेश के जिलों को तीन समूहों में विभाजित कर अलग-अलग तिथियां निर्धारित की गई हैं।

तीन चरणों में होगा प्रशिक्षण

प्रथम चरण (23-24 नवंबर 2026): अजमेर, अलवर, बालोतरा, बांसवाड़ा, बारां, बाड़मेर, ब्यावर, भीलवाड़ा, बीकानेर, बूंदी, चित्तौड़गढ़, चूरू एवं दौसा जिलों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। द्वितीय चरण (25-26 नवंबर 2026): डीग, धौलपुर, डीडवाना-कुचामन, डूंगरपुर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, जयपुर, जैसलमेर, जालौर, झालावाड़, झुंझुनूं, जोधपुर, करौली एवं खैरथल-तिजारा जिलों के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

तृतीय चरण (27-28 नवंबर 2026): कोटा, कोटपूतली-बहरोड़, नागौर, पाली, फलोदी, प्रतापगढ़, राजसमंद, सलूंबर, सवाई माधोपुर, सीकर, सिरोही, टोंक एवं उदयपुर जिलों के प्रतिभागियों का प्रशिक्षण होगा।

प्रत्येक जिले से तीन केआरपी की भागीदारी अनिवार्य

परिषद ने जिला अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि निर्धारित संख्या के अनुसार तीन मुख्य संदर्भ व्यक्तियों को आवंटित तिथियों पर प्रशिक्षण में भेजना सुनिश्चित करें। प्रशिक्षणार्थियों के यात्रा एवं दैनिक भत्ते (टीए/डीए) का भुगतान संबंधित जिले के समग्र शिक्षा कार्यालय के माध्यम से किया जाएगा।

एसएमसी की सक्रियता से बेहतर होगा विद्यालय विकास : सलावद

शिक्षक संघ एलीमेंट्री सेकेंडरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा), राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को सकारात्मक पहल बताते हुए कहा कि विद्यालय प्रबंधन समितियां सरकारी स्कूलों के विकास, शैक्षिक गुणवत्ता और सामुदायिक सहभागिता की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्होंने कहा कि केआरपी का प्रभावी प्रशिक्षण होने से एसएमसी की कार्यक्षमता बढ़ेगी तथा अभिभावकों एवं समुदाय की विद्यालय विकास में भागीदारी मजबूत होगी। प्रशिक्षण का वास्तविक लाभ तभी मिलेगा, जब सीखी गई जानकारी को धरातल पर लागू कर प्रत्येक विद्यालय में समितियों को सक्रिय बनाया जाएगा।

विद्यालयों में जनभागीदारी बढ़ाने की पहल

प्रशिक्षित केआरपी के माध्यम से जिलों में आगे प्रशिक्षण एवं क्षमता संवर्धन की गतिविधियों को गति मिलने की उम्मीद है। इससे एसएमसी सदस्यों को उनकी जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करने, विद्यालय विकास योजनाओं में उनकी भागीदारी बढ़ाने तथा शिक्षा व्यवस्था में सामुदायिक सहयोग को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

हाईटेंशन लाइन की चपेट में आए संविदा लाइनमैन की 13 दिन बाद मौत...

लाइन ठीक करते समय अचानक चालू हो गई थी 11 हजार वोल्ट की लाइन, परिवार का इकलौता कमाने वाला था मृतक; विभागीय लापरवाही पर परिजनों ने उठाए सवाल

स्मार्ट हलचल



खखरेरू/फतेहपुर कनपुरवा पावर हाउस में तैनात संविदा लाइनमैन की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से झुलसने के 13 दिन बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज में गुरुवार सुबह करीब चार बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए हादसे की वजह स्पष्ट करने की मांग की है। जानकारी के अनुसार, छह नवंबर को अंजना कबीर गांव के पास 11 हजार वोल्ट की लाइन में आए फाल्ट को ठीक करने के लिए संविदा लाइनमैन धर्म सिंह (42) पुत्र बद्री प्रसाद पहुंचे थे। शाम करीब पांच बजे मरम्मत के दौरान अचानक बिजली आपूर्ति चालू हो गई, जिसकी चपेट में आकर वह गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खखरेरू ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर कानपुर के कृष्णा अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां भी हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने उन्हें किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर कर दिया। यहां करीब 13 दिनों तक चले इलाज के बाद गुरुवार सुबह उनकी मौत हो गई। धर्म सिंह परिवार के इकलौते कमाने वाले सदस्य थे। उनके परिवार में पत्नी रेखा देवी, पुत्र सचिन कुमार और पुत्रियां साधना व राधिका हैं। उनकी मौत के बाद परिवार के सामने भरण-पोषण का संकट खड़ा हो गया है। पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। दूसरी ओर, परिजनों ने बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि अब तक विभाग की ओर से उन्हें यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि लाइनमैन के करंट की चपेट में आने की वजह तकनीकी चूक थी या किसी स्तर पर लापरवाही बरती गई। उनका कहना है कि आखिर मरम्मत के दौरान बिजली आपूर्ति कैसे चालू हो गई? हादसे की जिम्मेदारी तय कर मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। इस संबंध में कनपुरवा पावर हाउस के जेई विक्रांत आनंद से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि विभाग की तरफ से इलाज का पूरा खर्च किया गया मौत उपरांत परिवार को विभाग की तरफ से 10 लाख की सहायता एवं मृतक की पत्नी को पेंशन के लिए विभाग की तरफ से आश्वासन दिया गया।

12 वर्षों से सेवा की मिसाल पेश कर रहा रोटरी क्लब पद्मिनी का अन्नपूर्णा प्रोजेक्ट

श्रद्धा वृद्धाश्रम में 100 किलो से अधिक राशन सामग्री भेंट, बुजुर्गों के प्रति संवेदनशीलता और अपनत्व का दिया संदेश

स्मार्ट हलचल



कोटा। जरूरतमंदों की सेवा और समाज के वंचित वर्गों के प्रति संवेदनशीलता ही सामाजिक सरोकारों की वास्तविक पहचान है। अध्यक्ष दीप्ती राजावत ने बताया कि इसी भावना को आत्मसात करते हुए रोटरी क्लब पद्मिनी कोटा की ओर से 12 वर्षों से संचालित मासिक अन्नपूर्णा प्रोजेक्ट के तहत श्रद्धा वृद्धाश्रम, श्री करणी नगर विकास समिति में सेवा कार्य किया गया। गुरूवार को इस दौरान वृद्धाश्रम के लिए 100 किलो से अधिक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई गई। क्लब अध्यक्ष सचिव डा प्रीति शर्मा ने बताया कि अन्नपूर्णा प्रोजेक्ट के तहत वृद्धाश्रम को 50 किलो आटा, 30 किलो पोहा, 10 किलो दलिया, 5 किलो चीनी, 5 किलो दाल एवं टोस्ट सहित आवश्यक राशन सामग्री भेंट की गई। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों से निरंतर संचालित यह प्रकल्प जरूरतमंदों और बुजुर्गों की सेवा के प्रति क्लब की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इसका उद्देश्य केवल खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि समाज के बुजुर्गों तक प्रेम, अपनत्व और सम्मान की भावना पहुंचाना भी है। उन्होंने सेवा कार्य में सहयोग देने वाली सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रोटरी क्लब पद्मिनी सामाजिक उत्तरदायित्वों के निर्वहन के लिए निरंतर प्रयासरत है। क्लब का प्रयास है कि सेवा गतिविधियों के माध्यम से जरूरतमंदों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके।

12 वर्षों से निरंतर सेवा में जुटी प्रोजेक्ट डायरेक्टर

अन्नपूर्णा प्रोजेक्ट की प्रोजेक्ट डायरेक्टर रोटे. रेनू दीपचंदानी के 12 वर्षों के निरंतर समर्पण और सेवा प्रयासों की विशेष सराहना की गई। उनके मार्गदर्शन में यह प्रकल्प नियमित रूप से जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाने का माध्यम बना हुआ है। इस अवसर पर शीला गौड़ एवं शुभा गुप्ता की भी उपस्थित रही।

संस्कृत के ज्ञान के बिना आयुर्वेद के मूल ग्रंथों का अध्ययन अधूरा - अमिता पृथ्वी

राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय में संस्कृत एवं आयुर्वेद के समन्वय पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम, देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे विशेषज्ञ

स्मार्ट हलचल



कोटा। आयुर्वेद भारतीय ज्ञान परंपरा की समृद्ध विरासत है और इसके मूल सिद्धांतों को समझने के लिए संस्कृत भाषा का ज्ञान अत्यंत महत्वपूर्ण है। संस्कृत के माध्यम से ही आयुर्वेद के प्राचीन ग्रंथों में निहित चिकित्सा सिद्धांतों, औषधीय ज्ञान और उपचार पद्धतियों का सही अर्थ समझा जा सकता है। संस्कृत और आयुर्वेद का आपसी संबंध भारतीय चिकित्सा परंपरा को गहराई से समझने का आधार है। यह विचार राजकीय आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय में संस्कृत भारती के तत्वावधान में आयोजित संस्कृत एवं आयुर्वेद विषयक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में वक्ताओं ने व्यक्त किए। धन्वंतरि सभागार में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य वैद्य नित्यानंद शर्मा ने की। तमिलनाडु से पधारी अमिता पृथ्वी मुख्य अतिथि तथा मणिपुर से आए कमल शर्मा और अजमेर से आए महेश शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने संस्कृत एवं आयुर्वेद के पारस्परिक संबंधों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आयुर्वेद के मूल ग्रंथ संस्कृत भाषा में रचित हैं। ऐसे में आयुर्वेद के विद्यार्थियों के लिए संस्कृत का ज्ञान केवल भाषाई दक्षता तक सीमित नहीं, बल्कि विषय की मूल अवधारणाओं और चिकित्सा सिद्धांतों को समझने का महत्वपूर्ण माध्यम है। संस्कृत भाषा को सरल एवं व्यावहारिक तरीके से आयुर्वेद के अध्ययन और शिक्षण में शामिल किया जा सकता है। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य वैद्य नित्यानंद शर्मा ने स्वागत उद्बोधन दिया। उन्होंने संस्कृत और आयुर्वेद के समन्वय को चिकित्सा शिक्षा के लिए उपयोगी बताते हुए विद्यार्थियों को भारतीय ज्ञान परंपरा के मूल स्रोतों से जुड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम संयोजिका डॉ. ऋतु ने बताया कि प्रशिक्षण सत्र में विषय विशेषज्ञों ने आयुर्वेद के विभिन्न आयामों पर व्याख्यान दिए। डॉ. इकबाल ने अगद तंत्र एवं व्यवहार आयुर्वेद के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला, जबकि डॉ. सुरभि पंकज ने रोग विकृति विज्ञान से संबंधित विषयों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों का ध्यान इस विषय की व्यावहारिक उपयोगिता की ओर आकर्षित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के संकाय सदस्य, नवप्रवेशित छात्र-छात्राएं तथा अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। अतिथियों का तिलक लगाकर, माल्यार्पण कर तथा उपर्णा एवं श्रीफल भेंटकर स्वागत किया गया। समारोह में आशुतोष, संस्कृति जैन, देवेंद्र शर्मा सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सत्यनारायण गौतम ने किया तथा आभार डॉ. ब्रजराज मालव ने व्यक्त किया। आयोजन में आरोग्य भारती का विशेष सहयोग रहा।

चेक बाउंस के विवादों पर लगेगी समझौते की मुहर, 21 नवंबर को विशेष लोक अदालत

स्मार्ट हलचल । अनिल खीची

ब्यावर। चेक बाउंस के मामलों में न्यायालयों के चक्कर काट रहे पक्षकारों को राहत देने के लिए 21 नवंबर को ब्यावर में विशेष लोक अदालत आयोजित होगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आयोजित इस लोक अदालत में चेक अनादरण से जुड़े मामलों का आपसी सहमति और समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार आयोजित इस विशेष लोक अदालत में परक्राम्य लिखत अधिनियम 1881 की धारा 138 के तहत लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से लिया जाएगा। इसका उद्देश्य पक्षकारों को लंबी कानूनी प्रक्रिया से राहत दिलाकर कम समय में सुलभ न्याय उपलब्ध करवाना है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सोनल पारिख ने बताया कि लोक अदालत पक्षकारों के लिए आपसी बातचीत और समझाइश से विवाद समाप्त करने का बेहतर अवसर है। इससे न केवल मामलों का शीघ्र निस्तारण होगा, बल्कि पक्षकारों के समय और धन की भी बचत होगी। उन्होंने परिवादियों एवं प्रतिवादियों से लोक अदालत में अधिकाधिक भागीदारी कर इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने अधिवक्ताओं, बैंकों एवं वित्तीय संस्थाओं के प्रतिनिधियों से भी सहयोग का आह्वान किया। विशेष लोक अदालत 21 नवंबर शनिवार को जिला न्यायालय परिसर ब्यावर में आयोजित होगी।

अपराधियों पर शिकंजा कसने और जनशिकायतों के समाधान पर एडीजीपी का फोकस



ब्यावर पुलिस की कार्यप्रणाली परखी, थानाधिकारियों को साइबर अपराध, नशा तस्करी और कानून-व्यवस्था को लेकर दिए सख्त निर्देश

स्मार्ट हलचल । अनिल खींची

ब्यावर । जिले में अपराध नियंत्रण और पुलिसिंग व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस आर्म्ड बटालियन्स एवं डीएसआरएफ राजस्थान जयपुर रुपिंदर सिंह आईपीएस ने गुरुवार को ब्यावर जिले का एक दिवसीय आवधिक निरीक्षण किया। ब्यावर पहुंचने पर जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह के नेतृत्व में पुलिस जवानों ने डबल गार्ड के साथ उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। एडीजीपी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय का निरीक्षण कर विभिन्न शाखाओं की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के संधारण, लंबित प्रकरणों, संसाधनों और जनसुनवाई व्यवस्था का जायजा लिया। इसके बाद जिले के समस्त वृताधिकारियों एवं थानाधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर अपराधों की स्थिति और कानून-व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में उन्होंने साइबर अपराध और एनडीपीएस एक्ट से जुड़े मामलों में प्रभावी कार्रवाई करने, अपराधियों पर सख्ती बरतने तथा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने और लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण करने पर भी जोर दिया। रुपिंदर सिंह ने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि थानों में आने वाले परिवादियों एवं पीड़ितों की समस्याओं को गंभीरता से सुनें और उनका विधिसम्मत समाधान सुनिश्चित करें। आमजन के साथ बेहतर संवाद स्थापित कर जनशिकायतों का त्वरित निस्तारण करें, ताकि पुलिस के प्रति जनता का विश्वास और मजबूत हो सके। इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अनुकृति उज्जैनिया, वृताधिकारी ब्यावर शहर नरेश पारीक, वृताधिकारी मसूदा शिवराज सिंह, वृताधिकारी जैतारण रामेन्द्र सिंह हाड़ा, वृताधिकारी रायपुर बंशीलाल पांडर, साइबर थाना प्रभारी अनिल पुरोहित सहित जिले के समस्त थानाधिकारी मौजूद रहे।

बरखा इंडिया कंपनी के खिलाफ श्रमिकों का कलेक्ट्रेट पर हल्लाबोल, 50 कर्मचारियों को हटाने पर भड़का आक्रोश

विधायक अशोक कोठारी के खिलाफ लगाए मुर्दाबाद के नारे

स्मार्ट हलचल



भीलवाड़ा। शहर में बरखा इंडिया कंपनी के करीब 50 कर्मचारियों को अचानक काम से हटाए जाने के विरोध में श्रमिकों का आक्रोश फूट पड़ा। भारतीय ट्रेड यूनियन सीटू (सिंथेटिक) के बैनर तले श्रमिकों ने जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर कंपनी प्रबंधन के खिलाफ जमकर नाराजगी जताई। प्रदर्शन के दौरान श्रमिकों ने स्थानीय विधायक अशोक कोठारी के खिलाफ भी मुर्दाबाद के नारे लगाए। इसके बाद श्रमिकों ने जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर प्रभावित कर्मचारियों को न्याय दिलाने और उनके पीएफ से जुड़े मामलों की जांच कराने की मांग की। भारतीय ट्रेड यूनियन सीटू के प्रदेश सचिव ओमप्रकाश देवानी ने बताया कि रीको रोड स्थित बरखा इंडिया कंपनी प्रबंधन ने करीब 50 कर्मचारियों को बिना किसी पूर्व सूचना, लिखित नोटिस या उचित जानकारी दिए अचानक काम से हटा दिया। इससे कर्मचारियों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। अचानक रोजगार छिन्नने से उनके परिवारों के भरण-पोषण में भी परेशानी आ रही है। देवानी ने आरोप लगाया कि कंपनी में कर्मचारियों के पीएफ योगदान, पीएफ खातों में जमा राशि और ईपीएफओ से जुड़े रिकॉर्ड में भी अनियमितताएं होने की आशंका है। इसी को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कंपनी के पीएफ रिकॉर्ड और ईसीआर (इलेक्ट्रॉनिक चालान-कम-रिटर्न) की जांच कराने की मांग की गई है। ज्ञापन में मांग की गई कि सभी प्रभावित कर्मचारियों के पीएफ योगदान की महीनेवार जांच करवाई जाए। कर्मचारियों के वेतन से पीएफ की कटौती होने पर यह सत्यापित किया जाए कि संबंधित राशि ईपीएफओ के खातों में जमा हुई है या नहीं। जिन कर्मचारियों का पीएफ जमा नहीं कराया गया है, उनकी बकाया राशि नियमानुसार जमा करवाई जाए, ताकि श्रमिकों को उनका हक मिल सके।

सिन्धवरी सरपँच जीत की खुशी में सेकड़ो लोग पैदल सांवरिया सेठ के पहुंचे

स्मार्ट हलचल

ओम जैन शंभूपुरा। जिलेभर में सरपँच चुनाव परिणाम के बाद जितने वाले सरपंचों सहित कार्यकर्ताओ, समर्थकों व ग्राम वासियो की भगवान के पदयात्रा का दौर निरन्तर जारी है। इसी कड़ी में चित्तौड़ पंचायत समिति की सिन्धवरी पंचायत से जसु बाई मीणा की ऐतिहासिक विजय पर बुधवार सुबह सिन्धवरी से मण्डफिया सांवरिया सेठ तक पदयात्रा के लिए सेकड़ो ग्रामीण महिला पुरुष एवं युवा रवाना हुए। यात्रा के दौरान जगह-जगह ग्रामीणों द्वारा पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। पूरे रास्ते में हर्ष और उल्लास का माहौल देखने को मिला। सांवरिया सेठ के दरबार पहुंचकर सभी ने दर्शन किए तथा ग्राम पंचायत की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर सरपँच प्रतिनिधि कमलेश मीणा ने बताया कि यह शोभायात्रा ग्रामवासियों के स्नेह, सहयोग और आशीर्वाद के प्रति आभार व्यक्त करने का एक माध्यम है। उन्होंने सभी ग्रामीणों एवं कार्यकर्ताओं का धन्यवाद भी व्यक्त किया। भव्य शोभायात्रा में शंभूपुरा सरपंच रामप्रसाद जाट, विष्णु मेघवाल नया खेड़ा, भेरूलाल डांगी सहित समस्त कार्यकर्ता एवं सेकड़ो ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कमलेश ने ऐतिहासिक जीत पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का विश्वास, कार्यकर्ताओं का साथ और ग्रामवासियों का आशीर्वाद ही इस जीत की असली ताकत है।



लखारी घाटी में गूंजे ठाकुर जी के जयकारे, भव्य अन्नकूट महोत्सव में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

राजस्थान-मध्यप्रदेश से जुटे लखारा समाज ने लिया नवीन मंदिर निर्माण व भूखंड खरीदने का संकल्प

ओछड़ी दरवाजा स्थित श्री लालजी महाराज मंदिर में लगा छप्पन भोग; सुखवाल नोहरे में हुई अंतर्राज्यीय बैठक, मालपुए व पकवानों की महाप्रसादी में एक पंगत में बैठे सैकड़ों समाजजन

स्मार्ट हलचल

चित्तौड़गढ़ । शहर के ओछड़ी दरवाजा, किला रोड स्थित लखारी घाटी पर विराजित ठाकुर जी श्री लालजी महाराज मंदिर परिसर में बुधवार को भव्य अन्नकूट महोत्सव का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और पारंपरिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। आदर्श लखारा समाज सेवा संस्थान एवं आदर्श लखारा नवयुवक मंडल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक महोत्सव में भाग लेने के लिए सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और समूचा वातावरण ठाकुर जी के जयकारों से गुंजायमान हो उठा।



सुबह 10 बजे लगा आकर्षक छप्पन भोग, मनमोहक शृंगार के हुए दर्शन

महोत्सव के अंतर्गत प्रातः 10 बजे वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के साथ ठाकुर जी श्री लालजी महाराज को आकर्षक छप्पन भोग अर्पित किया गया। इस अवसर पर ठाकुर जी का नयनाभिराम और मनमोहक शृंगार किया गया, जिसके दर्शन कर श्रद्धालु निहाल हो उठे। महाआरती के पश्चात मंदिर में दर्शनार्थ पहुंचे सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।

दो राज्यों का समाज एक मंच पर: नवीन मंदिर निर्माण और भूखंड पर हुई ऐतिहासिक चर्चा

अन्नकूट महोत्सव के उपलक्ष्य में पास ही स्थित सुखवाल नोहरे में राजस्थान और मध्यप्रदेश से पधारे लखारा समाज के प्रतिनिधियों की एक महत्वपूर्ण अंतर्राज्यीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मध्यप्रदेश से पधारे भामाशाह अशोक लखारा बागड़ी ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में रतनलाल लखारा कानोड़ मंचासीन रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में महेश लखारा, बलवंत, दुर्गेश, ईश्वर, श्यामलाल एवं भंवरलाल सहित कई आगंतुक समाजसेवी मौजूद रहे।

बैठक में समाज के उज्ज्वल भविष्य और संगठनात्मक मजबूती को लेकर दो बड़े मुद्दों पर गंभीर मंथन हुआ। इसमें ठाकुर जी के भव्य नवीन मंदिर निर्माण की रूपरेखा तैयार करने तथा समाज के सामूहिक आयोजनों के लिए एक स्थायी स्थान सुनिश्चित करने हेतु भूखंड खरीदने पर सहमति बनी। बैठक में उपस्थित सभी समाजजनों ने एक स्वर में सामाजिक एकता और विकास के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

सामूहिक पंगत में ग्रहण की महाप्रसादी, कार्यकर्ताओं ने संभाली व्यवस्था

बैठक के समापन के बाद समाज के पुरुषों, महिलाओं और बच्चों ने एक साथ पंगत में बैठकर आत्मीयता के साथ सामूहिक भोजन प्रसादी ग्रहण की। प्रसादी में मालपुए, दाल, सब्जी, पूड़ी और पकौड़ी जैसे पारंपरिक व्यंजन परोसे गए। आयोजन की समस्त व्यवस्थाएं आदर्श लखारा समाज सेवा संस्थान एवं आदर्श लखारा नवयुवक मंडल के पदाधिकारियों व युवा कार्यकर्ताओं ने मुस्तैदी से संभाली।

इस अवसर पर समाज अध्यक्ष गोपाल लाल लखारा, मदनलाल लखारा, राधेश्याम लखारा, दुर्गेश कुमार लक्षकार, श्यामलाल लखारा, भंवरलाल लखारा, देवीलाल लखारा, बद्रीलाल लखारा, सत्यनारायण लखारा, सुधीर लखारा, विकास लखारा, धीरज लखारा, दिलीप लखारा सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति, बच्चे और सैकड़ों समाजबंधु उपस्थित रहे।

आत्मरक्षा प्रशिक्षण का दूसरा सप्ताह पूरा, छात्राओं ने सीखे हमलावर से बचाव के गुर

पंच, किक और हाथ-पैरों के इस्तेमाल से आत्मरक्षा के तरीके बताए, शारीरिक और मानसिक सशक्तीकरण पर दिया जोर

स्मार्ट हलचल

शाहपुरा।श्री प्रतापसिंह बारहठ राजकीय महाविद्यालय एवं राजकीय कन्या महाविद्यालय में रानी लक्ष्मीबाई केंद्र के तहत बारहठ महाविद्यालय में संचालित चार सप्ताह के आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का द्वितीय सप्ताह पूर्ण हो गया। इस दौरान छात्राओं को आत्मरक्षा की व्यावहारिक तकनीकों के साथ स्वास्थ्य एवं प्राथमिक उपचार की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पुष्कर्राज मीणा ने की। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्राओं को केवल शारीरिक रूप से ही नहीं, बल्कि मानसिक रूप से भी सशक्त बनाते हैं। आत्मरक्षा का ज्ञान छात्राओं में आत्मविश्वास पैदा करने के साथ विपरीत परिस्थितियों में स्वयं की सुरक्षा करने की क्षमता विकसित करता है। प्रशिक्षक महिला कांस्टेबल श्रीमती संजया यादव ने छात्राओं को पंच, किक तथा हमलावर से बचाव के विभिन्न तरीके सिखाए। उन्होंने बताया कि आपात परिस्थितियों में हाथ, पैर, घुटने और कोहनी का प्रभावी उपयोग कर किस प्रकार हमलावर से अपना बचाव किया जा सकता है। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं से इन तकनीकों का व्यावहारिक अभ्यास भी करवाया गया। कार्यक्रम संयोजक प्रो. बसंती मीणा ने छात्राओं को प्राथमिक उपचार एवं स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ जीवनशैली ही आत्मनिर्भरता की पहली सीढ़ी है। यह प्रशिक्षण छात्राओं को वर्तमान में आत्मरक्षा के प्रति जागरूक बनाने के साथ भविष्य में समाज में स्वास्थ्य संबंधी मिथकों को तोड़ने और सही जानकारी का प्रसार करने में भी सक्षम बनाएगा। कार्यक्रम की संयोजिका प्रो. बसंती मीणा एवं प्रो. भगवती महावर ने प्रशिक्षण आयोजन से जुड़ी व्यवस्थाओं एवं समन्वय का दायित्व निभाया।



चित्तौड़गढ़ में अनोखी मन्नत

सरपंच बनीं रतनी देवी ने सांवलिया सेठ को चढ़ाया चांदी का कटहल

स्मार्ट हलचल



शाहपुरा (भीलवाड़ा) चित्तौड़गढ़-चित्तौड़गढ़ जिले की ग्राम पंचायत रोलाहेड़ा में सरपंच पद का चुनाव जीतने के बाद रतनी देवी जाट ने अपनी मन्नत अनूठे अंदाज में पूरी की। चुनाव में जीत मिलने पर वह अपने पूरे परिवार और गांव के ग्रामीणों के साथ पदयात्रा करते हुए श्री सांवलिया जी मंदिर पहुंचीं और सांवरा सेठ को चांदी से बना कटहल अर्पित किया। खास बात यह है कि कटहल ही रतनी देवी का चुनाव चिन्ह था। दरअसल, चुनाव से पहले रतनी देवी जाट के परिवार ने मन्नत मांगी थी कि यदि वह सरपंच का चुनाव जीतती हैं तो जिस चुनाव चिन्ह के जरिए उन्हें जीत मिलेगी, उसी का प्रतिरूप बनवाकर सांवलिया सेठ के चरणों में अर्पित किया जाएगा। चुनाव परिणाम आने के बाद परिवार ने अपनी इस मन्नत को पूरा करने का निर्णय लिया और कटहल चुनाव चिन्ह का चांदी से प्रतिरूप तैयार करवाया। चित्तौड़गढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत रोलाहेड़ा में पंचायती राज चुनाव के तीसरे चरण के तहत 5 नवंबर को सरपंच पद के लिए मतदान हुआ था। मतदान के बाद देर रात तक मतगणना चली और परिणाम घोषित किया गया। इस चुनाव में रतनी देवी जाट ने 1265 मतों के बड़े अंतर से जीत दर्ज की थी। चुनाव के दौरान उन्हें कटहल चुनाव चिन्ह आवंटित हुआ था।जीत के बाद परिवार ने इसी चुनाव चिन्ह को अपनी मन्नत से जोड़ते हुए चांदी का कटहल बनवाया। इसके बाद रतनी देवी जाट परिवार के सदस्यों और गांव के ग्रामीणों के साथ पदयात्रा करते हुए श्री सांवलिया जी मंदिर पहुंचीं और भगवान को चांदी का कटहल भेंट किया। इस पदयात्रा में गांव के लोगों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और सरपंच के साथ सांवलिया सेठ के दर्शन किए। परिवार के सदस्यों के अनुसार, उन्हें सांवलिया सेठ पर हमेशा से भरोसा रहा है। उनका मानना है कि जीवन में जो कुछ भी मिला है, वह भगवान का आशीर्वाद है। इसी विश्वास के चलते चुनाव में जीत हासिल होने के बाद सबसे पहले अपनी मन्नत पूरी करने का फैसला किया गया। इस तरह रतनी देवी जाट ने चुनाव चिन्ह कटहल को आस्था से जोड़ते हुए चांदी का कटहल सांवलिया सेठ को अर्पित किया।

विदेशी मेहमानों के सामने दमखम दिखाएंगे देशभर के पहलवान, पुष्कर मेले में सजेगा कुश्ती का अखाड़ा

22-23 नवंबर को होगा अजमेर केसरी कुश्ती दंगल-2026, महिला एवं पुरुष पहलवानों के बीच होंगे रोमांचक मुकाबले

स्मार्ट हलचल



पुष्कर/ अजमेर/ अंतरराष्ट्रीय पुष्कर मेले में 22 एवं 23 नवंबर को पुष्कर मेला ग्राउंड में भव्य अजमेर केसरी कुश्ती दंगल-2026 का आयोजन होगा। इसमें देशभर के नामी पहलवान अपनी ताकत और कुश्ती कौशल का प्रदर्शन करेंगे। विदेशी पर्यटक भी भारतीय कुश्ती के रोमांचक मुकाबलों के साक्षी बनेंगे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के ओएसडी एवं राजस्थान राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष राजीव दत्ता के विशेष नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में होने वाले इस आयोजन में महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों के मुकाबले होंगे। महासचिव सौरभ बजाड़ के अनुसार विजेता पहलवानों को 21 हजार से लेकर 2,100 रुपये तक के आकर्षक नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। पहलवानों का वजन 22 नवंबर को सुबह 8 से 10 बजे तक मेला ग्राउंड में होगा। मुकाबले यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग के नियमों के अनुसार मैट पर आयोजित किए जाएंगे। पुष्कर मेले में इस बार विदेशी पावणों को भारतीय संस्कृति के साथ अखाड़े में पहलवानों का शौर्य और दमखम भी देखने को मिलेगा।

सैनाचार्य अचलानन्द गिरी पहुँचे पुष्कर

स्मार्ट हलचल



पुष्कर/अजमेर अखिल भारतीय सैन समाज एवं सैन भक्ति पीठ के पीठाधीश्वर स्वामी अचलानन्दाचार्य महाराज बुधवार को पुष्कर पहुँच गए । सैन भक्ति पीठ के प्रवक्ता हरिप्रसाद पाराशर ने बताया कि स्वामी अचलानन्द महाराज जोधपुर से अपरान्ह संन्यास आश्रम के सामने स्थित भक्ति पीठ में पहुँचे।तत्पश्चात् पूरी कार्तिक मास के पश्चात भी पुष्कर में ही रहेंगे । पाराशर के अनुसार महाराज द्वारा प्रतिदिन प्रातः व सांयकाल प्रवचनों के अलावा प्रातः एवं सायंकाल हवन, आरती होगी ।आश्रम में प्रतिवर्ष होने वाले कार्यक्रम कार्तिक एकादशी को तुलसी विवाह का कार्यक्रम व महाप्रसादी होगी । इससे पूर्व प्रशासन द्वारा निकालें जाने वाली आध्यात्मिक यात्रा में भी भाग लेंगे ।ब्रह्माचौदस को स्थानीय मंदिर, मठों, आश्रमों के अलावा बाहर से भी आने वाले संत महात्माओं के सान्निध्य में सैन भक्ति पीठ से शाही स्नान पवित्र पुष्कर सरोवर में किया जाएगा । जिसमें सभी धर्मों के श्रद्धालुगण भी हिस्सा लेंगे ।

युवाओं ने नशामुक्त भारत और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने का दिया संदेश

नीरा शर्मा, युवराज सिंह राठौड़ एवं कोमल स्वामी ने विकसित भारत युवा संसद में हासिल किए प्रथम तीन स्थान

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

स्मार्ट हलचल



भीलवाड़ा, 19 नवंबर। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में मेरा युवा भारत (माय भारत) केंद्र, भीलवाड़ा द्वारा माणिक्य लाल वर्मा राजकीय महाविद्यालय, भीलवाड़ा में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग (टठलस्क) 2027 के अंतर्गत विकसित भारत युवा संसद 2027 एवं चैलेंज ट्रैक पीपीटी राउंड का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व क्षमता, रचनात्मक सोच, नवाचार एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना तथा वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना रहा। विकसित भारत युवा संसद में 'नशा मुक्त युवा-विकसित भारत' विषय पर युवाओं ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण में युवा शक्ति की भूमिका को रेखांकित किया। वहीं, विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के च्च्ज् चैलेंज ट्रैक में 'विनिर्माण, उद्यमिता एवं हरित विकास' (डंदनबिजनतपदह, म्दजतमचतमदमनतोपच दंक ळतममद ळतवूजी) विषय पर प्रतिभागियों ने अपने नवाचारपूर्ण विचार, विजन एवं भविष्य की कार्ययोजनाएं प्रस्तुत कीं। विकसित भारत युवा संसद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नीरा शर्मा, द्वितीय स्थान युवराज सिंह राठौड़ एवं तृतीय स्थान कोमल स्वामी ने प्राप्त किया। तीनों प्रतिभागियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है, जहां वे भीलवाड़ा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी.एल. जागेटिया ने की। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने, सकारात्मक सोच अपनाने तथा नवाचार एवं उद्यमिता के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया। जिला युवा अधिकारी श्री जयेश मीना ने कहा कि माय भारत का उद्देश्य युवाओं को अपनी प्रतिभा, रचनात्मक सोच एवं नेतृत्व क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करते हैं। युवा शक्ति की सक्रिय भागीदारी से ही विकसित भारत के संकल्प को साकार किया जा सकता है। कार्यक्रम में माय भारत के लेखा एवं कार्यक्रम सहायक श्री मुरारी लाल, माय भारत के महाविद्यालय प्रभारी डॉ. कमोद सिंह मीना, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी, एनसीसी एवं रोवर-रेंजर प्रभारी, महाविद्यालय के संकाय सदस्य तथा बड़ी संख्या में युवा प्रतिभागी उपस्थित रहे।

दूनी नगर पालिका में आय-व्यय के ब्योरे और बैठक की प्रति को लेकर गरमाई राजनीति, पार्षदों ने ईओ के दावों को नकारा,

ज्ञापन देने के दो दिन बाद मिली बोर्ड बैठक की कार्यवाही प्रति, तारीखों को लेकर उठाए सवाल; उच्चाधिकारियों से निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग

स्मार्ट हलचल

टोंक। दूनी नगर पालिका में पिछली बोर्ड बैठक की कार्यवाही प्रति समय पर उपलब्ध नहीं करवाने और आय-व्यय का ब्योरा बैठक में सार्वजनिक नहीं किए जाने को लेकर पार्षदों और पालिका प्रशासन के बीच विवाद गहरा गया है। पार्षदों ने अधिशासी अधिकारी (ईओ) के स्पष्टीकरण को सिरे से खारिज करते हुए पालिका प्रशासन पर नियमों की अनदेखी और लापरवाही बरतने के गंभीर आरोप लगाए हैं। मामले को लेकर अब पार्षदों ने उच्चाधिकारियों से हस्तक्षेप कर निष्पक्ष जांच करवाने की मांग की है। पार्षदों ने बताया कि उन्होंने 17 नवंबर को नगर पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपकर पिछली बोर्ड बैठक की कार्यवाही प्रति और पालिका के आय-व्यय का विस्तृत ब्योरा मांगा था। इसके दो दिन बाद 19 नवंबर को प्रशासन की ओर से उन्हें बैठक की कार्यवाही प्रति उपलब्ध करवाई गई। इस पर पार्षदों ने कड़ा ऐतराज जताते हुए सवाल उठाया कि जब कार्यवाही विवरण पर 22 अक्टूबर की तारीख अंकित है, तो इसे करीब एक महीने तक क्यों रोके रखा गया। पार्षदों का कहना है कि प्रत्येक बैठक की कार्यवाही की प्रति नियत समय पर सभी सदस्यों को उपलब्ध करवाना अधिशासी अधिकारी की जिम्मेदारी है। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि पार्षद ज्ञापन नहीं देते तो शायद प्रशासन कार्यवाही प्रति उपलब्ध ही नहीं करवाता। पार्षदों ने इस देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग की है।

आय-व्यय के ब्योरे पर ईओ के बयान से पार्षदों में नाराजगी

अधिशासी अधिकारी (ईओ) के इस बयान कि 15 अक्टूबर की बैठक में पार्षदों ने आय-व्यय से जुड़ा कोई प्रस्ताव नहीं दिया था, पर पार्षदों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। पार्षदों ने कहा कि राजस्थान नगरपालिका अधिनियम के प्रावधानों के तहत प्रत्येक साधारण बैठक की कार्यसूची (एजेंडा) में आय-व्यय का ब्योरा शामिल करना और उसे सदन के पटल पर रखना आवश्यक है। इसके लिए सदस्यों की ओर से अलग से प्रस्ताव देने की आवश्यकता नहीं होती, बल्कि यह पालिका प्रशासन का दायित्व है। पार्षदों ने कहा कि आय-व्यय का विवरण सार्वजनिक नहीं करना वित्तीय पारदर्शिता और बोर्ड की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। उन्होंने प्रशासन के स्पष्टीकरण को असंतोषजनक बताते हुए मामले में स्पष्ट जवाब देने की मांग की है।

उच्चाधिकारियों से निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग

इस पूरे प्रकरण को लेकर पार्षदों ने पालिका प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। विरोध जताने वालों में पार्षद पूरणवीर सिंह रोझ, श्रीमती लक्ष्मी नरेन्द्र मेहरा, नरेन्द्र जांगिड़ एडवोकेट, कृष्णा बनवारी बडगुजर, मनभर देवी वर्मा, अर्चना बडगूजर, रामकल्याण सोनी, इन्द्रराज सैनी और पप्पू कर्मावत सहित अन्य पार्षद शामिल हैं। सभी पार्षदों ने स्वायत्त शासन विभाग (डीएलबी), जयपुर के निदेशक एवं टोंक जिला कलेक्टर से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करवाने, लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा नगरपालिका नियमों के संबंध में स्पष्ट मार्गदर्शन जारी करने की मांग की है। अब देखना होगा कि इस मामले में जिला प्रशासन और स्वायत्त शासन विभाग क्या कदम उठाते हैं तथा पालिका प्रशासन की ओर से पार्षदों की मांगों पर क्या जवाब दिया जाता है।

सेवा और श्रद्धा के संग याद की गईं इंदिरा गांधी, कांग्रेसजनों ने पुष्पांजलि अर्पित कर वृद्धजनों को कराया भोजन

स्मार्ट हलचल । अनिल खींची



ब्यावर। पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जयंती पर गुरुवार को ब्यावर में कांग्रेसजनों ने श्रद्धा के साथ उनका स्मरण किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में ब्रह्मानंद धाम में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इसमें कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने इंदिरा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। वहीं वृद्धजनों को भोजन कराकर सेवा और समर्पण का संदेश दिया। कार्यक्रम में खनिज प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष आशीषपाल पदावत ने कहा कि इंदिरा गांधी ने अपने दृढ़ नेतृत्व, साहसिक फैसलों और दूरदर्शी सोच से देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग पहचान दिलाई। देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता के लिए उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उनका जीवन संघर्ष, साहस और जनसेवा की प्रेरणा देता है। पूर्व विधायक माणक डाणी ने कहा कि इंदिरा गांधी ने हमेशा देशहित को सर्वोपरि रखा तथा गरीब, वंचित और कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए। उनके विचार और आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं। जिला प्रवक्ता एडवोकेट रामस्वरूप सेवलिया ने कहा कि इंदिरा गांधी का जीवन राष्ट्रीय एकता, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समर्पण का प्रतीक रहा है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को उनके आदर्शों पर चलते हुए आमजन की समस्याओं के समाधान और जनसेवा के लिए तत्पर रहना चाहिए। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित कांग्रेसजनों ने संगठन को मजबूत बनाने और जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के समापन पर ब्रह्मानंद धाम में वृद्धजनों को भोजन कराया गया। इनकी रही उपस्थितिः अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष अजमत काठात, वरिष्ठ नेता नरेन्द्र झंवर, जिला महासचिव चेतन सांखला, पूर्व सभापति सतीश जाग्रत, पार्षद विक्रांत यादव, लोकेश सामरिया, राहुल कड़ीवाल, प्रिंस ओस्तवाल, राजेन्द्र तुंगरिया, अनिल प्रजापत, अरविंद मेवाड़ा, रोहित गोयल, हरिराम मेघवाल, अयूब गौरी, हनुमंत राठौड़, मदन कड़ीवाल, नारायण मेहरड़ा, राजेन्द्र लीलड़, सुनील चौहान, राम यादव, किशन पाराशर, कमलेश बोहरा, अशोक पंडित, अजय स्वामी, शकील खिलजी, बिरदीचंद खोरवाल, बृजेश दुलगच, कमल पोपावत, साहिल श्रीमाल, क्षितिज राजन, मेहबूब काठात, हुसैन चिता, इलियास चीता, सोहन कुमार, श्रवण काठात, कैलाश काठात, गोरधनलाल शर्मा एवं वृतन्जय आर्य सहित अनेक कांग्रेसजन व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सुवाणा ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताएं हुई आयोजित



स्मार्ट हलचल

भीलवाड़ा:19 नवंबर/ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुभाष नगर में सुवाणा ब्लॉक के माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा 9 से 12 तक अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए बौद्धिक एवं सृजनात्मक कौशल अभिवृद्धि हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। संयोजक एवं प्रधानाचार्य श्रीमती उर्मिला जोशी ने बताया कि निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान टीना शर्मा सुभाष नगर विद्यालय, नारायण रेगर राजेंद्र मार्ग विद्यालय ने द्वितीय स्थान,आशु भाषण में अंशिका शर्मा बापू नगर ने प्रथम स्थान,कार्तिक जाट कांदा ने द्वितीय स्थान,चित्रकला में जानवी बापू नगर प्रथम स्थान ,द्वितीय स्थान पायल खारोल सुभाष नगर विद्यालय,प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गरिमा गुर्जर सुभाष नगर,गोविंद कृष्ण गर्ग राजेंद्र मार्ग विद्यालय द्वितीय स्थान, एकल गीत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मुस्कान बारेठ सेठ मुरलीधर मानसिंहका,भाग्यश्री बापूनगर विद्यालय द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।सभी सफल विद्यार्थी जिला स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में पीएमश्री विद्यालय बापू नगर में भाग लेंगे ।

गंगापुर में 575 पौधे लगाने पर प्रीति रांका को मिला ग्रीन स्टार अवार्ड

(राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने दिया अवार्ड)

स्मार्ट हलचल



गंगापुर लाडनूं में आयोजित 77वे राष्ट्रीय अणुव्रत अधिवेशन में राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने अणुव्रत भवन परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी (अणुविभा) की ओर से संचालित पर्यावरण संरक्षण अभियान 'मेरा पौधा, अणुव्रत के साथ' के तहत 575 पौधे लगाकर उनकी देखभाल एवं संरक्षण में योगदान देने पर गंगापुर अणुव्रत मंच की संयोजिका प्रीति रांका को 'ग्रीन स्टार अवार्ड' एवं विशेष बैज प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने पौधारोपण के महत्व को रेखांकित करते हुए प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।अभियान की विशेषता इसका डिजिटल डेटा प्रबंधन है। इसके अंतर्गत लगाए गए प्रत्येक पौधे की जीपीएस लोकेशन, पौधे की प्रजाति एवं पौधारोपण स्थल का रिकॉर्ड डिजिटल माध्यम से अणुविभा के पास सुरक्षित रखा जाता है। इससे पौधों की स्थिति एवं उनके विकास की नियमित निगरानी संभव हो पाती है।यह अभियान राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रताप सिंह दुग्गड़, महामंत्री मनोज सिंघवी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनोद कोठारी, राष्ट्रीय संयोजिका डॉ. नीलम जैन, राज्य प्रभारी अभिषेक कोठारी एवं भूपेंद्र बागरेचा के मार्गदर्शन एवं समन्वय में संचालित किया जा रहा है।सम्मान प्राप्त होने पर प्रीति रांका ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने भविष्य में भी पौधारोपण एवं पौधों के संरक्षण से जुड़े कार्यों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

मांडल से वृंदावन तक 455 किलोमीटर की पैदल यात्रा पर निकले सुधांशु माणमिया, शेष शाही धाम बड़े मंदिर से हुआ शुभारंभ

स्मार्ट हलचल

आकोला धार्मिक आस्था, श्रद्धा और भक्ति की अनूठी मिसाल पेश करते हुए सुधांशु माणमिया श्रीधाम वृंदावन के लिए 455 किलोमीटर की पवित्र पैदल यात्रा पर रवाना हुए। यात्रा का शुभारंभ मांडल स्थित पावन शेष शाही धाम बड़े मंदिर से विधिवत रूप से हुआ। इस अवसर पर राधे-राधे और जय श्रीकृष्ण के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। यात्रा के शुभारंभ पर श्रद्धालुओं एवं गणमान्य नागरिकों ने सुधांशु माणमिया का स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा उन्हें शुभकामनाओं के साथ मंगलमय विदाई दी। इस अवसर पर कैलाश चंद्र माणमिया, लाल कृष्ण सेन, महेश पाराशर, कुलदीप माणमिया, रितिक लखारा, कमलेश शर्मा, सूरज राव, राघव पांचाल, सुबोध तिवाड़ी एवं मयंक जोशी सहित अन्य लोगों ने सुधांशु माणमिया का स्वागत किया। सभी ने उनकी इस धार्मिक एवं भक्तिमय यात्रा की सराहना करते हुए श्री राधे रानी और बांके बिहारी जी से यात्रा के सफल, सुरक्षित एवं निर्विघ्न संपन्न होने की मंगलकामनाएं कीं। सुधांशु माणमिया श्री राधे रानी एवं बांके बिहारी जी के प्रति अटूट श्रद्धा और भक्ति भाव लेकर वृंदावन धाम की ओर पैदल प्रस्थान कर चुके हैं। 455 किलोमीटर की यह यात्रा उनके दृढ़ संकल्प, धार्मिक आस्था और प्रभु के प्रति समर्पण का प्रतीक है। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने कामना की कि प्रभु की असीम कृपा से सुधांशु माणमिया की यात्रा सुगम एवं व्यवस्थित रहे, मार्ग में उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो और वे सकुशल वृंदावन धाम पहुंचकर श्री राधे रानी एवं बांके बिहारी जी के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त करें।



1.52 करोड़ की लागत से बना अटल गौरव पथ, कुछ ही समय में टूटी रपट की मुंडेरें; मेले से पहले मरम्मत की जरुरी

मेला मैदान में एक माह बाद जुटेगी हजारों लोगों की भीड़, मुक्तिधाम के पास क्षतिग्रस्त सुरक्षा दीवार से राहगीरों और वाहन चालकों को हादसे का अंदेशा

स्मार्ट हलचल





हरनावदाशाहजी। कस्बे में यातायात व्यवस्था सुधारने और बाजार को जाम से राहत दिलाने के उद्देश्य से करीब 1.52 करोड़ रुपए की लागत से तैयार किया गया अटल गौरव पथ अब अपनी निर्माण गुणवत्ता और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवालों के घेरे में है। मेला मैदान में मुक्तिधाम के पास स्थित रपट की मुंडेरें निर्माण के कुछ समय बाद ही क्षतिग्रस्त होकर टूट गई हैं। रपट के किनारे बनी सुरक्षा दीवार का इस तरह टूटना राहगीरों और वाहन चालकों के लिए खतरे का संकेत है। खास बात यह है कि करीब एक माह बाद इसी मेला मैदान में मेला आयोजित होगा। उस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, दुकानदारों, ग्रामीणों और वाहन चालकों की आवाजाही रहेगी। ऐसे में टूटी मुंडेरें दुर्घटना का कारण बन सकती हैं।

मेले में बढ़ेगी आवाजाही, सुरक्षा इंतजामों पर सवाल

अटल गौरव पथ पर यातायात शुरू हो चुका है और मार्ग पर एलईडी लाइट लगाने के लिए पोल भी खड़े किए गए हैं। इस मार्ग से प्रतिदिन वाहन गुजर रहे हैं। मेला आयोजन के दौरान आवाजाही सामान्य दिनों की तुलना में कई गुना बढ़ने की संभावना है। ऐसे में रपट की टूटी मुंडेरों के पास किसी वाहन चालक की छोटी-सी चूक भी बड़े हादसे का रूप ले सकती है। रात के समय और अधिक सावधानी की जरूरत रहेगी। ग्रामीणों का कहना है कि जब मार्ग का निर्माण हाल ही में हुआ है तो रपट की मुंडेरें इतनी जल्दी कैसे क्षतिग्रस्त हो गईं? क्या निर्माण के दौरान गुणवत्ता और मजबूती के निर्धारित मापदंडों का पूरा ध्यान रखा गया था? इन सवालों का जवाब संबंधित विभाग को देना चाहिए। ग्रामीणों ने पीडब्ल्यूडी विभाग से क्षतिग्रस्त मुंडेरों की गुणवत्ता के साथ मरम्मत कराने और मेले से पहले पूरे सुरक्षा इंतजाम दुरुस्त करने की मांग की है।

830 मीटर लंबा और 7 मीटर चौड़ा है बायपास

गौरतलब है कि अटल गौरव पथ परियोजना के तहत मेला मैदान बायपास का निर्माण करीब 1.52 करोड़ रुपए की लागत से कराया गया। इस मार्ग की लंबाई लगभग 830 मीटर और चौड़ाई 7 मीटर रखी गई है। मार्ग पर रपट के निर्माण में 1000 एमएम के 18 पाइप लगाए गए हैं। यह मार्ग तेजाजी चौक से मनोहरथाना मार्ग स्थित पुलिया तक पहुंचता है और पुराने थाने के सामने से विजय चौक की ओर संपर्क उपलब्ध कराता है। इसके बनने से छीपाबड़ौद और मनोहरथाना मार्ग के बीच सीधा आवागमन आसान हुआ है। इस बायपास का मुख्य उद्देश्य कस्बे के व्यस्त बाजार और विवेकानंद सर्किल पर यातायात का दबाव कम करना था। त्योहारों और विशेष आयोजनों के दौरान भारी तथा लोडिंग वाहनों को बाजार के भीतर से गुजरने के बजाय मेला मैदान बायपास से निकालने की सुविधा भी विकसित की गई। बारिश के दौरान आवागमन बाधित होने की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद भी इस परियोजना से जुड़ी है।

विकास के साथ सुरक्षा की जिम्मेदारी भी जरूरी

अटल गौरव पथ कस्बे के लिए महत्वपूर्ण सुविधा बनकर सामने आया है, लेकिन निर्माण के कुछ समय बाद ही रपट की मुंडेरों का टूटना विभागीय निगरानी और निर्माण की मजबूती पर सवाल खड़े करता है। यदि समय रहते इनकी मरम्मत नहीं हुई तो मेले के दौरान यहां दुर्घटना की आशंका बनी रहेगी। ग्रामीणों की मांग है कि पीडब्ल्यूडी विभाग मौके का निरीक्षण करे, टूटे हिस्सों की मरम्मत कराए और यह भी सुनिश्चित करे कि दोबारा ऐसी स्थिति न बने। अब सवाल यह है कि जब मेले के आयोजन में महज एक माह शेष है, तो क्या पीडब्ल्यूडी विभाग समय रहते रपट की टूटी मुंडेरों को दुरुस्त कर पाएगा? या फिर मेले में आने-जाने वाले लोगों को इसी असुरक्षित रास्ते से गुजरना पड़ेगा? इस संबंध में पीडब्ल्यूडी के एक्शन छबड़ा सुनील सोनी ने बताया कि रपट की क्षतिग्रस्त मुंडेर को शीघ्र दुरुस्त कराया जाएगा। विभाग की ओर से मरम्मत करवाकर समस्या का समाधान किया जाएगा, ताकि मेले के दौरान राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

पंचायत राज चुनाव की मतगणना तिथि में अचानक बदलाव, सरकार के फैसले पर उठे सवाल - गीता मेघवाल

स्मार्ट हलचल



कोटा / कोटा : राजस्थान सरकार द्वारा पंचायत राज चुनाव की मतगणना की तिथि पहले से ही 20 नवंबर 2026 निर्धारित की गई थी। लेकिन अचानक बिना किसी पूर्व सूचना के मतगणना की तारीख बदलकर 17 दिसंबर 2026 कर दी गई।

आखिर ऐसी क्या परिस्थिति आ गई कि मतगणना की तारीख एक महीने आगे बढ़ानी पड़ी?

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गीता मेघवाल ने बताया कि सरकार के इस अप्रत्याशित फैसले ने अनेक सवाल खड़े कर दिए हैं।

आखिर जनता और चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को इस तरह असमंजस में क्यों रखा जा रहा है

यह फैसला सरकार की मंशा पर सवाल खड़े करता है।

इसे राजनीतिक गलियारों में सरकार की बौखलाहट के रूप में भी देखा जा रहा है।

लोकतंत्र में चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता, निष्पक्षता और समयबद्धता सर्वोपरि होनी चाहिए।

सरकार को इस फैसले का स्पष्ट जवाब देना चाहिए।

जनता सब देख रही है, लोकतंत्र में जवाबदेही से कोई बच नहीं सकता।

बुजुर्गों के लिए वृद्धाश्रम रनियां में आयोजित की दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला, बांटे उपकरण

स्मार्ट हलचल



कानपुर। भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत क्षेत्रीय संसाधन प्रशिक्षण केंद्र आर आर टी सी उत्तर प्रदेश के रूप में कार्यरत शिवा ग्रामोद्योग सेवा संस्थान द्वारा यहां रनिया वृद्धाश्रम में दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में एलिम्को की टीम ने सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर वृद्धाश्रम में कार्यरत कर्मचारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान वरिष्ठ नागरिकों की दैनिक देखभाल, उनकी स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों, सहायक उपकरणों की उपयोगिता और वृद्धजनों के साथ सम्मानजनक व्यवहार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम में वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा सहायक उपकरणों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी श्री नीरज गौतम, प्रभारी जिला समाज कल्याण अधिकारी, कानपुर देहात ने रनिया वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया। उन्होंने बुजुर्गों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना और उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं को समझने का प्रयास किया। शिवा ग्रामोद्योग सेवा संस्थान के संस्थापक एवं सचिव राजेंद्र सिंह जी ने कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एलिम्को की टीम की सहभागिता से सहायक उपकरणों के संबंध में जानकारी और वितरण की प्रक्रिया संपन्न हुई। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि वृद्धजनों की बेहतर देखभाल के लिए प्रशिक्षित कर्मचारी, उचित स्वास्थ्य सुविधाएं और आवश्यक सहायक उपकरण अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

राष्ट्रपति ने मौत की सजा बदली उम्रकैद में

लगाई जीवनभर जेल की शर्त; दिल्ली हाईकोर्ट ने ठुकराई चुनौती

नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रपति द्वारा दया याचिका पर दिए गए उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका दिल्ली हाई कोर्ट ने यह कहते हुए खारिज कर दी कि राष्ट्रपति के दया याचिका आदेश में अदालत दखल नहीं दे सकती है। राष्ट्रपति ने मृत्युदंड को आजीवन कारावास में बदलते हुए शर्त लगाई गई थी कि दोषी को बिना किसी माफी के जीवन भर जेल में रहना होगा। न्यायमूर्ति नवीन चावला व न्यायमूर्ति रविंदर डुडेजा की पीठ ने कहा कि दया याचिका से जुड़े आदेशों में न्यायिक समीक्षा का दायरा बहुत सीमित है। कोर्ट सिर्फ यह देख सकती है कि शक्ति का प्रयोग कैसे किया गया, राष्ट्रपति या राज्यपाल के आदेश को अपील की तरह नहीं देखा जा सकता। पीठ ने कहा कि एक बार जब कोर्ट पाती है कि राष्ट्रपति के पास सभी प्रासंगिक तथ्य थे और उन्होंने सभी प्रासंगिक कारकों पर विचार किया, तो कोर्ट केवल इस आधार पर राष्ट्रपति की राय को नहीं बदल सकती कि वह खुद दया याचिका पर अलग फैसला लेती।

मरने वालों में एक गर्भवती महिला भी शामिल

यह मामले पांच महिलाओं और दो बच्चों की हत्या के मामले में 1994 से जेल में बंद याचिकाकर्ता जितेंद्र उर्फ जीतू नैनसिंह गहलोत से जुड़ा है। उस पर अगस्त 1994 में पुणे के एक घर में डकैती के दौरान पांच महिलाओं और दो छोटे बच्चों की जघन्य हत्या का आरोप था। मरने वालों में एक गर्भवती महिला भी शामिल थी।



ट्रायल कोर्ट ने फरवरी 1998 में उसे मृत्युदंड दिया और उक्त निर्णय को बाम्बे हाई कोर्ट ने जुलाई 1999 और सुप्रीम कोर्ट ने सितंबर 2000 में बरकरार रखा था। याचिकाकर्ता ने जून 2001 में राष्ट्रपति के समक्ष दया याचिका दायर की थी, जिस पर 15 साल बाद 18 सितंबर 2016 को फैसला आया। राष्ट्रपति ने मृत्युदंड को आजीवन कारावास में बदल दिया, लेकिन शर्त लगाई कि किसी भी प्राधिकरण द्वारा उसकी सजा में कोई माफी नहीं दी जाएगी। दोषी की दलीलें क्या थीं? गहलोत ने तर्क दिया कि आगे माफी पर रोक असंवैधानिक है और अनुच्छेद 72 के तहत राष्ट्रपति की शक्ति सरकार की माफी देने की वैधानिक शक्ति को खत्म नहीं कर सकती।

दिल्ली के युधिष्ठिर सेतु पर रफ्तार का कहर, फॉर्च्यूनर-ऑटो की टक्कर में दो की मौत और 8 घायल

नई दिल्ली, एजेंसी। उत्तरी दिल्ली के कश्मीरी गेट थाना क्षेत्र में युधिष्ठिर सेतु पर तेज रफ्तार फार्च्यूनर कार ने ऑटो-रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में आठ लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान दो घायलों ने दम तोड़ दिया। हादसे में दो लोगों की मौत के बाद पुलिस ने मामले में गैर इरादतन हत्या से संबंधित बीएनएस की धारा 105 भी जोड़ दी है। पुलिस के अनुसार, हादसा बुधवार रात युधिष्ठिर सेतु पर हुआ था। फॉर्च्यूनर और ऑटो के बीच टक्कर इतनी जोरदार थी कि आठ लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर कश्मीरी गेट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की। शुरुआती जांच के आधार पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 281 (तेज गति से वाहन चलाना) और 125ए (लापरवाही से किए गए कृत्य से चोट पहुंचाना) के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी। हालांकि, हादसे में घायल दो लोगों की उपचार के दौरान मौत होने के बाद मामले ने गंभीर रूप ले लिया। इसके बाद पुलिस ने प्राथमिकी में बीएनएस की धारा 105 भी जोड़ दी। पुलिस अब हादसे के कारणों का पता लगाने के साथ ही फॉर्च्यूनर चालक की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

दिल्ली के लाजपत नगर में मीडिया हाउस के बेसमेंट में लगी आग

नईदिल्ली, एजेंसी। लाजपत नगर-दो स्थित जी-5 के बेसमेंट में आग लगने की घटना में एक



युवक की मौत हो गई, वहीं एक झुलस गया। मृतक की पहचान 23 वर्षीय गौरव के रूप में हुई है। वहीं, 38 वर्षीय परमजीत शर्मा लगभग 30 प्रतिशत झुलस गए हैं, जिनका उपचार चल रहा है। फायर ब्रिगेड के मुताबिक बुधवार दोपहर 1.17 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर चार फायर टेंडर भेजे गए। वहीं बाद में एक और फायर टेंडर भेजा गया। दोपहर 2.05 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। आग बेसमेंट में बने मीडिया हाउस के कार्यालय में लगी थी। अंदर फंसे दो लोगों को बचाया गया, जिनमें से एक की मौत हो गई, वहीं दूसरे को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जेपी नड्डा का बड़ा ऐलान, 2029 तक देश में जुड़ेंगी 75 हजार नई मेडिकल सीटें

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने बुधवार को कहा कि



सरकार वर्ष 2029 तक 75 हजार अतिरिक्त मेडिकल सीटें जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने वर्धमान महावीर मेडिकल कालेज (वीएमएमसी) और सफदरजंग अस्पताल के रजत जयंती समारोह एवं आठवें वार्षिक दीक्षा समारोह को संबोधित करते हुए देश में चिकित्सा शिक्षा के बुनियादी ढांचे के विस्तार पर जोर दिया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में भारत में चिकित्सा शिक्षा की क्षमता में काफी विस्तार हुआ है। देश में मेडिकल कालेजों की संख्या 387 से बढ़कर 863 हो गई है, जबकि एम्स की संख्या 20वीं सदी के अंत में केवल एक थी, जो अब बढ़कर 23 हो गई है। चिकित्सा शिक्षा की क्षमता बढ़ाने के संबंध में नड्डा ने 75 हजार अतिरिक्त मेडिकल सीटें बनाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दिसंबर 2025 में प्रत्येक अतिरिक्त अंडरग्रेजुएट और पोस्टग्रेजुएट मेडिकल सीट के लिए 1.5 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता को मंजूरी दी थी। इसके तहत 10 हजार अतिरिक्त मेडिकल सीटें बनाने के लिए कुल 15 हजार करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। नड्डा ने इस बात पर जोर दिया कि चिकित्सा शिक्षा का विस्तार गुणवत्ता की कीमत पर नहीं होना चाहिए।

दिल्ली के लोगों के लिए अच्छी खबर, गिरा एक्यूआई का ग्राफ, पहुंचा 300 के नीचे

नई दिल्ली, एजेंसी। देश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के लोगों के लिए अच्छी खबर है। गुरुवार को एक्यूआई 300 के नीचे है। इससे साफ है कि हवा की गुणवत्ता में लगातार सुधार दर्ज किया जा रहा है। पिछले कई दिनों से दिल्ली का एक्यूआई 300 से कम है। जिसे दिल्ली के लोग अपने लिए राहत के रूप में देख रहे हैं। बुधवार को भी एक्यूआई 300 से नीचे दर्ज किया गया था। हालांकि, लंबे समय से दिल्ली के लोग दमघोंटू हवा में सांस लेने को मजबूर थे। हवा की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का सुधार दर्ज नहीं किया जा रहा था। कई बार तो एक्यूआई 500 और 600 को भी पार कर गया था। जिससे लोगों को काफी समस्याएं हो रही थीं। खासकर बच्चे, बुजुर्ग और स्वास्थ्य संबंधी समस्यओं से जूझ रहे लोगों को। लेकिन, अब राहत की बात यह रही कि एक्यूआई लुढक रहा है।



प्रशासन की ओर से भी किए जा रहे कई प्रयास प्रशासन की ओर से हवा की गुणवत्ता में भी सुधार लाने के लिए भी कई तरह के प्रयास किए जा रहे हैं। राहत की बात यह है कि इन प्रयासों के सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं। दिल्ली की फिजा में लगातार सकारात्मक सुधार देखने को मिल रहा है। साथ ही, बेशक हवा की गुणवत्ता सुधर रही हो। लेकिन, लोगों को लगातार सावधानी बरतने के सुझाव दिए जा रहे हैं, ताकि आगे चलकर उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़े। वहीं, दिल्ली में हवा की गुणवत्ता सुधरने के बाद अब ग्रेप 3 के तहत लगे प्रतिबंधों को हटा दिया गया है, ताकि अन्य प्रकार की गतिविधियां शिथिल नहीं हो जाए। ग्रेप-1 और ग्रेप-2 के तहत प्रतिबंध जारी रहेंगे।

नरेला से जहांगीरपुरी तक घर लेने के ऑप्शन

डीडीए की खुशहाल परिवार योजना में 445 फ्लैट्स, 4 लाख रुपये में बुकिंग

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली विकास प्राधिकरण ने धनतेरस के शुभ अवसर पर अपनी नई आवासीय योजना डीडीए खुशहाल परिवार योजना 2026 लॉन्च की थी। अब इसमें बुकिंग शुरू हो चुकी है। इस योजना के तहत मध्यम आय वर्ग के कुल 445 फ्लैट्स के लिए पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) खोले गए हैं। फ्लैट्स की अनुमानित कीमत उनके आकार, क्षेत्र और लोकेशन के हिसाब से अलग-अलग है।

एमआईजी फ्लैट की बुकिंग राशि 4 लाख रुपये तय की गई है। इसके अलावा आवेदकों को 2,500 रुपये का एकमुश्त (वन-टाइम) नॉन-रिफंडेबल रजिस्ट्रेशन शुल्क भी देना होगा। हालांकि, जिन आवेदकों ने पोर्टल पर पहले से रजिस्ट्रेशन करा रखा है, उन्हें दोबारा रजिस्ट्रेशन कराने की आवश्यकता नहीं है। इन फ्लैट्स की कीमत इनके आकार और क्षेत्र के आधार पर 43 लाख रुपये से लेकर 1.1 करोड़ रुपये तक रखी गई है। योजना के तहत दिल्ली के तीन प्रमुख इलाकों में एमआईजी श्रेणी के फ्लैट्स ऑफर किए जा रहे हैं... नरेला (सेक्टर ए1-ए4, पॉकेट 1बी और 1सी): 296 फ्लैट लोकनायकपुरम (पॉकेट ई): 132 फ्लैट जहांगीरपुरी: 17 फ्लैट महत्वपूर्ण तारीखें और



आवेदन प्रक्रिया रजिस्ट्रेशन की शुरुआत: 6 नवंबर 2026 (धनतेरस के दिन से) बुकिंग की शुरुआत: 16 नवंबर 2026

बुकिंग राशि और शुल्क

एमआईजी फ्लैट्स के लिए बुकिंग राशि चार लाख रुपये तय की गई है। पोर्टल पर ऑनबोर्डिंग के लिए 2,500 रुपये का एकमुश्त रजिस्ट्रेशन शुल्क देना होगा। हालांकि, जिन लोगों ने पहले से पोर्टल पर पंजीकरण किया हुआ है, उन्हें दोबारा रजिस्ट्रेशन करने की आवश्यकता नहीं है।

मुनाफा दिखाने के लिए वेबसाइट पर कराया विजिट

पाकिस्तान और दुबई के नंबरों से कॉल कर 10 गुना मुनाफे का दिया झांसा, दिल्ली की महिला से 13 लाख की ठगी

नईदिल्ली, एजेंसी। पाकिस्तान और दुबई के नंबरों से कॉल कर ऑनलाइन निवेश में पांच से दस गुना मुनाफा कमाने का झांसा देकर साइबर ठगों ने उत्तम नगर वेस्ट निवासी महिला से करीब 13 लाख रुपये ठग लिए। ठगों ने शुरुआत में छोटी रकम निवेश करवाकर उसे मुनाफे के साथ वापस कर दिया, जिससे महिला का भरोसा जीत लिया। विश्वास पक्का करने के बाद बड़ी रकम निवेश कराने पर वेबसाइट पर 18 लाख रुपये का बैलेंस दिखाया, लेकिन रकम निकालने की कोशिश करते ही अकाउंट ब्लॉक कर दिया। पीड़िता की शिकायत पर द्वारका जिला साइबर थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारी ने लोगों से विदेश से आने वाले नंबरों की कॉल और ऑनलाइन निवेश के झांसे में नहीं आने की अपील की है। पीड़िता द्वारा पुलिस में दी गई शिकायत के अनुसार, आनंद विहार कॉलोनी, उत्तम नगर निवासी धनेश्वरी कुमारी के मोबाइल पर एक मैसेज आया था। इसमें लिंक दिया गया था। लिंक पर क्लिक करने के बाद उनके पास 92 और 97 से शुरू होने वाले विदेशी नंबरों से कॉल आने लगे।

कॉल करने वालों ने ऑनलाइन निवेश की वेबसाइट के बारे में बताया और दावा किया कि निवेश की रकम पांच से दस गुना तक बढ़ाई जा सकती है और जमा करने वाले जब चाहे अपनी पूरी रकम हुए मुनाफा के साथ निकाल सकते हैं।

क्यूआर कोड पर 13 लाख रुपये ट्रांसफर किए



महिला ने वेबसाइट पर दिए पेमेंट लिंक के माध्यम से छोटी रकम जमा करनी शुरू की। शुरुआत में पांच हजार रुपये निवेश करने पर उन्हें बेहतर रिटर्न के साथ रकम वापस मिल गई। रुपये वापस मिलने से उन्होंने उन पर विश्वास कर लिया और मोटा मुनाफा कमाने के लालच में उन्होंने अलग-अलग समय पर ठगों द्वारा भेजे गए क्यूआर कोड के माध्यम से करीब 13 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। रुपये ट्रांसफर होते ही वेबसाइट पर उनका बैलेंस बढ़कर करीब 18 लाख रुपये दिखने लगा।

साइबर क्राइम टीम ने शुरू की जांच

इसके बाद जब महिला ने बैलेंस से 50 हजार रुपये निकालने का प्रयास किया तो वेबसाइट पर तकनीकी समस्या बताई गई। कई बार कोशिश करने के बावजूद रकम नहीं निकली। शिकायत करने पर हर बार जल्द तकनीकी समस्या बताकर उन्हें टाला जाने लगा। कुछ दिनों बाद ठगों ने उनका अकाउंट ब्लाक कर दिया।

इसके बाद पीड़िता ने साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर द्वारका साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस बैंक खातों और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर ठगी में शामिल लोगों की पहचान करने में जुटी है।

रक्षा मंत्रालय के रिटायर्ड अफसर से 2.02 करोड़ की ठगी, लखनऊ से तीन गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी। रक्षा मंत्रालय के एक सेवानिवृत्त अधिकारी को पांच दिनों तक डिजिटल अरेस्ट कर 2.02 करोड़ रुपये की ठगी करने वाले गिरोह का दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल (आइएफएसओ) ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में लखनऊ से तीन साइबर ठगों को गिरफ्तार कर उनके पास से मोबाइल फोन, डेबिट कार्ड और चेकबुक बरामद की है। 70 लाख का हुआ लेनदेन.. डीसीपी गौरव त्यागी के मुताबिक, पीड़ित ने जनवरी में आइएफएसओ में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि अनजान नंबर से फोन आया। कॉलर ने दावा किया कि उनके आधार कार्ड का इस्तेमाल कर जम्मू-कश्मीर में बैंक खाता खोला गया है, जिसमें 70 लाख रुपये का संदिग्ध लेनदेन हुआ है। इसके बाद ठगों ने खुद को जांच एजेंसी का अधिकारी बताकर फर्जी जांच शुरू की और गिरफ्तारी का डर दिखाया। लगातार फोन पर निगरानी और मानसिक दबाव के चलते पीड़ित कई बार बैंक गए और ठगों के बताए अलग-अलग खातों में कुल 2.02 करोड़ रुपये भेज दिए। मामले में 15 जनवरी को आइएफएसओ में ई-एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने लेनदेन की जांच में पाया कि ठगी की रकम कई फर्जी और म्यूल बैंक खातों के जरिए घुमाई गई थी। तकनीकी सुरागों के आधार पर लखनऊ में दबिश देकर तीनों आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार मोहम्मद इमरान खान एक कंपनी का डायरेक्टर है। उसकी कंपनी के बैंक खाते में ठगी की रकम में से 17 लाख रुपये भेजे गए थे। राम किशोर साइबर ठगी के लिए बैंक खाते जुटाकर आपरेटरों को देता था। रूपेंद्र प्रताप सिंह बेनिफिशियरी खातों का संचालन, रकम आगे भेजने और क्रिप्टोकरेंसी के जरिए कमीशन बांटने का काम करता था।





कब रखा जाएगा देवोत्थान एकादशी का व्रत? सही तारीख, पारण का मुहूर्त और महत्व

देवोत्थान एकादशी का व्रत 20 नवंबर को रखें या 21 नवंबर को? इस बार एकादशी तिथि दो दिन पड़ने से श्रद्धालुओं के मन में यह सवाल है. आखिर पंचांग के अनुसार व्रत की सही तारीख क्या है? भगवान विष्णु की पूजा किस शुभ मुहूर्त में करनी चाहिए और क्यों खास मानी जाती है यह एकादशी?

कब से कब तक है कार्तिक शुक्ल एकादशी

पंचांग के अनुसार, कार्तिक शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि 20 नवंबर 2026, शुक्रवार को सुबह 7 बजकर 15 मिनट से शुरू होगी. जबकि, एकादशी तिथि 21 नवंबर, शनिवार को सुबह 6 बजकर 31 मिनट पर समाप्त होगी.

देवोत्थान एकादशी का व्रत कब रखें

स्मार्त परंपरा के गृहस्थ देवोत्थान एकादशी का व्रत 20 नवंबर 2026, शुक्रवार को रखेंगे. जबकि, वैष्णव परंपरा को मानने वाले श्रद्धालु 21 नवंबर 2026, शनिवार को एकादशी का व्रत रखेंगे.

एकादशी पारण मुहूर्त

स्मार्त परंपरा को पालन करने वाले गृहस्थ 21 नवंबर 2026, शनिवार को एकादशी व्रत का पारण करेंगे. इसके लिए शुभ मुहूर्त दोपहर 12 बजकर 37 मिनट से 2 बजकर 46 मिनट तक रहेगा. पारण के दिन हरि वासर समाप्त होने का समय 12:07 बजे है. वैष्णव परंपरा में आस्था रखने वाले श्रद्धालु 22 नवंबर 2026, रविवार को देवउत्थान एकादशी का पारण करेंगे. इस दिन पारण करने का शुभ मुहूर्त सुबह 6 बजकर 10 मिनट से 8 बजकर 19 मिनट तक रहेगा. इस दिन द्वादशी तिथि सूर्योदय से पहले समाप्त हो जाएगी.

सनातन धर्म में देवोत्थान एकादशी का खास महत्व है. इस दिन भगवान विष्णु चार महीने की योगनिद्रा से जागते हैं. साथ ही इस दिन चातुर्मास समाप्त हो जाता है और विवाह, गृह प्रवेश जैसे मांगलिक कार्यों की शुरुआत होती है.

मान्यता है कि देवोत्थान एकादशी के दिन भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा करने से जीवन में सुख-समृद्धि आती है. इस दिन व्रत रखने और विधि-विधान से पूजा करने से पापों से मुक्ति मिलती है और भगवान विष्णु का आशीर्वाद प्राप्त होता है. इस एकादशी को देवउठनी एकादशी और प्रबोधिनी एकादशी के नाम से भी जाना जाता है. इसी दिन से कई स्थानों पर तुलसी विवाह की परंपरा भी शुरू होती है.



प्रबोधिनी एकादशी श्री हरि को कैसे जगाएं

कार्तिक माह में कई बड़े त्योहार मनाए जाते हैं. कार्तिक माह में दिवाली, गोवर्धन पूजा, भाई दूज, चित्रगुप्त पूजा जैसे कई बड़े त्योहार मनाए जाते हैं. कार्तिक माह में शुक्ल पक्ष की ग्यारस के दिन देवउठनी ग्यारस होती है. हिंदू परंपरा के अनुसार इस दिन से सभी शुभ कार्य, शादी, मुंडन, नामकरण संस्कार जैसे कार्य करना बेहद शुभ होता है. इस एकादशी को प्रबोधनी ग्यारस भी कहा जाता है. ये एकादशी दिवाली के 11 दिन बाद आती है.

कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवउठनी एकादशी, देवोत्थान एकादशी, देवउठनी ग्यारस, प्रबोधिनी एकादशी आदि नामों से जाना जाता है। इस दिन श्रीहरि विष्णु निद्रा से जागते हैं।

कैसे करें व्रत

- देवउठनी एकादशी के दिन व्रत करने वाली महिलाएं प्रातःकाल में स्नानादि से निवृत्त होकर आंगन में चौक बनाएं।
- पश्चात भगवान विष्णु के चरणों को कलात्मक रूप से अंकित करें।
- फिर दिन की तेज धूप में विष्णु के चरणों को ढंक दें।
- देवउठनी एकादशी को रात्रि के समय सुभाषित स्त्रोत पाठ, भगवत कथा और पुराणादि का श्रवण और भजन आदि का गायन करें।
- घंटा, शंख, मृदंग, नगाड़े और वीणा बजाएं।
- विविध प्रकार के खेल-कूद, लीला और नाच आदि के साथ इस मंत्र का उच्चारण करते हुए भगवान को जगाएं :

'उत्तिष्ठ गोविन्द त्यज निद्रां जगत्पतये।
त्वयि सुप्ते जगन्नाथ जगत सुप्तं भवेदिदम'
'उत्थिते चेष्टते सर्वमुत्तिष्ठोत्तिष्ठ माधव।
गतामेघा वियच्चैव निर्मलं निर्मलादिशः'
'शारदानि च पुष्पाणि गृहाण मम केशव।'
इसके बाद विधिवत पूजा करें।

कैसे करें पूजन

- पूजन के लिए भगवान का मन्दिर अथवा सिंहासन को विभिन्न प्रकार के लता पत्र, फल, पुष्प और वंदनबार आदि से सजाएं।
- आंगन में देवोत्थान का चित्र बनाएं, तत्पश्चात फल, पकवान, सिंघाड़े, गन्ने आदि चढ़ाकर डलिया से ढंक दें तथा दीपक जलाएं।
- विष्णु पूजा या पंचदेव पूजा विधान अथवा रामार्चनचन्द्रिका आदि के अनुसार श्रद्धापूर्वक पूजन तथा दीपक, कपूर आदि से आरती करें।
- इसके बाद इस मंत्र से पुष्पांजलि अर्पित करें :

'यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवास्तानि
धर्माणि प्रथमान्यासन।
तेह नाकं महिमानः सचन्त यत्र
पूर्वे साध्याः सन्तिदेवाः'

देवउठनी एकादशी पर पढ़ें यह कथा, प्रसन्न होंगे भगवान विष्णु

चतुर्मास खत्म हो रहा है। इसके साथ ही आज से देशभर में शुभ और मांगलिक कार्य शुरू हो जाएंगे। मान्यता है कि देवउठनी एकादशी के दिन ही चार महीने बाद भगवान विष्णु योग निद्रा से जागते हैं और फिर से सृष्टि का कार्यभार फिर से संभाल लेते हैं। आज के दिन जगत के पालनहार भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूरे विधि-विधान से खास पूजा-अर्चना की जाती है।

देवउठनी एकादशी व्रत कथा

पौराणिक मान्यता और कथाओं के मुताबिक, एक राज्य था, जहां के सभी लोग एकादशी का व्रत रखते थे। इस दिन नगर के किसी भी व्यक्ति या पशु पक्षी को अन्न नहीं दिया जाता था। एक समय ऐसा हुआ जब किसी दूसरी जगह का एक व्यक्ति राजा के दरबार में पहुंचा और नौकरी देने की प्रार्थना करने लगा। तब राजा ने उस व्यक्ति से कहा कि नौकरी तो ठीक है, लेकिन शर्त यह है कि माह में दो दिन एकादशी व्रत के दिन अन्न नहीं मिलेगा। उस व्यक्ति ने राजा की शर्त मांग ली और उसे नौकरी पर रख लिया गया। अगले



महीने एकादशी व्रत था। उस दिन उसे अन्न नहीं मिला। उसे फलाहार की सामग्री दी गई। वह राजदरबार में पहुंचा और राजा से कहने लगा कि फलाहार से उसका पेट नहीं भरेगा। उसे अन्न चाहिए। यदि अन्न नहीं खाएगा तो उसके प्राण निकल जाएंगे। वह राजा के सामने गिड़गिड़ाने लगा। राजा ने उस व्यक्ति को नौकरी की शर्त याद दिलाई। फिर भी वह राजा से अन्न की मांग करता रहा। उसकी स्थिति को देखकर राजा ने उसे अन्न देने का आदेश दे दिया। उसे आटा, चावल और दाल मिल गया। वह पास स्थित एक नदी के तट पर पहुंचा और सबसे पहले स्नान किया। फिर भोजन तैयार करने लगा। जब खाना बन गया तो उसने भगवान से प्रार्थना की कि भोजन तैयार है, आप भोजन ग्रहण करें। उसकी प्रार्थना सुनकर भगवान विष्णु अपने चतुर्भुज स्वरूप में पीले वस्त्र धारण किए प्रकट हुए। उसने प्रभु के लिए भोजन परोसा। भगवान विष्णु अपने उस भक्त के साथ भोजन करने लगे। भोजन के बाद भगवान अपने लोक वापस और वह व्यक्ति अपने काम पर चला गया। जब अगली एकादशी आई तो उसने राजा से कहा कि उसे दोगुना अन्न दिया जाए। पहली एकादशी पर वह भूखा ही रहा क्योंकि उस दिन साथ में भगवान ने भी भोजन किया। उतने अन्न में दोनों भोजन ठीक से नहीं कर पाते हैं।



देवउठनी एकादशी पर भूलकर भी चढ़ाएं ये खास चीजें, जीवन के सभी दुख होंगे दूर

वैदिक पंचांग के अनुसार, कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवउठनी एकादशी कहा जाता है। यह तिथि सभी एकादशियों में सबसे महत्वपूर्ण मानी जाती है, क्योंकि इसी दिन भगवान विष्णु योगनिद्रा से जागृत होते हैं और शुभ व मांगलिक कार्यों की शुरुआत होती है।

वैदिक पंचांग के अनुसार, कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवउठनी एकादशी कहा जाता है। यह तिथि सभी एकादशियों में सबसे महत्वपूर्ण मानी जाती है, क्योंकि इसी दिन भगवान विष्णु योगनिद्रा से जागृत होते हैं और शुभ व मांगलिक कार्यों की शुरुआत होती है।इस दिन भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा के साथ-साथ शिवलिंग का अभिषेक करना भी बेहद शुभ माना गया है। धार्मिक मान्यता है कि देवउठनी एकादशी के दिन सच्चे मन से व्रत और श्रीहरि की आराधना करने से पापों से मुक्ति मिलती है और जीवन में सुख-शांति आती है। वहीं, शिवलिंग पर विशेष वस्तुएं अर्पित करने से भगवान शंकर प्रसन्न होते हैं और सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। आइए जानते हैं कि देवउठनी एकादशी के दिन शिवलिंग पर क्या चढ़ाना चाहिए और इसके क्या लाभ होते हैं-

आर्थिक तंगी होगी दूर

यदि आप धन की कमी या आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं, तो देवउठनी एकादशी के दिन सुबह स्नान कर पूजा करें। इसके बाद शिवलिंग पर चावल अर्पित करें और शिव मंत्रों का जप करें। मान्यता है कि ऐसा करने से महादेव प्रसन्न होकर आर्थिक समस्याओं से मुक्ति दिलाते हैं।

मानसिक तनाव से मिलेगा आराम

शिवलिंग पर गंगाजल और दूध से अभिषेक करना बेहद शुभ माना जाता है। ऐसा करने से मानसिक तनाव और नकारात्मकता दूर होती है। साथ ही जीवन में शांति और स्थिरता बनी रहती है।

पूरी होंगी सभी मनोकामनाएं

देवउठनी एकादशी के दिन शिवलिंग पर दही और शहद चढ़ाना भी अत्यंत फलदायी माना गया है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इससे भगवान शिव प्रसन्न होते हैं और भक्त की हर इच्छा पूर्ण करते हैं।

मिलेगा मनचाहा वरदान

यदि आप किसी खास वरदान की इच्छा रखते हैं, तो इस दिन शमी के फूल शिवलिंग पर अर्पित करें। ऐसा करने से जीवन में शुभ फल मिलते हैं और सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है।





देवउठनी एकादशी पर तुलसी के साथ शालिग्राम का विवाह

कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवउठनी एकादशी, श्री हरि प्रबोधिनी एकादशी और देवोत्थान एकादशी भी कहा जाता है। इस दिन तुलसीजी का शालिग्राम के साथ विवाह करने की परंपरा भी प्रचलित है। शालिग्राम एक पत्थर होता है जो कि नेपाल के मुक्तिनाथ, काली गंडकी नदी के तट पर ही पाया जाता है।

- हर साल कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को भगवान विष्णु के शालिग्राम स्वरूप और माता तुलसी का विवाह किया जाता है। तुलसी विवाह के साथ ही विवाह के शुभ मुहूर्त भी शुरू हो जाते हैं। इस दिन से शुभ या मांगलिक कार्य प्रारंभ हो जाते हैं।
- प्रचलित मान्यताओं के अनुसार, भगवान श्रीहरि योग निद्रा से जागने के बाद सर्वप्रथम माता तुलसी की पुकार ही सुनते हैं। शालिग्राम के साथ तुलसी का आध्यात्मिक विवाह देव उठनी एकादशी को होता है। इस दिन तुलसी की पूजा का महत्व है।
- तुलसी दल अकाल मृत्यु से बचाता है तो शालीग्राम और तुलसी की पूजा से पितृदोष का शमन होता है।
- प्रचलित मान्यताओं के अनुसार, विधि-विधान के साथ तुलसी विवाह कराने वालों पर भगवान विष्णु की विशेष कृपा बनी रहती है।
- कहते हैं कि शालिग्राम के साथ तुलसी विवाह से कन्यादान जितना पुण्य कार्य माना जाता है।
- भगवान शालिग्राम और माता तुलसी का विवाह कराने से वैवाहिक जीवन सुखमय व्यतीत होता है।
- महिलाएं सुख-समृद्धि की प्राप्ति के लिए इस दिन व्रत और पूजन करती हैं।
- इस दिन देवउठनी एकादशी की पौराणिक कथा का श्रावण या वाचन करना चाहिए। कथा सुनने या कहने से पुण्य की प्राप्ति होती है।
- कहते हैं कि देवोत्थान एकादशी का व्रत करने से हजार अश्वमेघ एवं सौ राजसूय यज्ञ का फल मिलता है।
- देवउठनी या प्रबोधिनी एकादशी का व्रत करने से भाग्य जाग्रत होता है। इस दिन भगवान विष्णु या अपने इष्ट-देव की उपासना करना चाहिए। इस दिन ''ऊँ नमो भगवते वासुदेवाय नमः ''मंत्र का जाप करने से लाभ मिलता है।

देवउठनी एकादशी का महत्व

देवउठनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु 4 माह की योग निंद्रा से बाहर आते हैं. उसके बाद वे फिर से सृष्टि के संचालन का दायित्व भगवान शिव से प्राप्त करते हैं. कहा जाता है कि देवउठनी एकादशी को भगवान पाताल लोक को छोड़कर वापस अपने वैकुंठ धाम वापस आ जाते हैं. असुरराज बलि को दिए वचन के अनुसार, भगवान विष्णु देवशयनी एकादशी से लेकर देवउठनी एकादशी तक पाताल लोक में रहते हैं.

देवउठनी एकादशी पर चातुर्मास का समापन

देवउठनी एकादशी के दिन चातुर्मास का समापन हो जाता है क्योंकि भगवान विष्णु योग निद्रा से बाहर आ जाते हैं. उस दिन से विवाह, मुंडन, सगाई, गृह प्रवेश जैसे शुभ कार्य प्रारंभ हो जाते हैं. उस दिन से इनके लिए शुभ मुहूर्त देखे जाने लगते हैं.

बॉल-टैंपरिंग विवाद

पर कैमरून बैनक्रॉफ्ट का नया खुलासा, कहा-स्मिथ इस योजना से खुद को दूर रखना चाहते थे

नई दिल्ली । ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने हाल ही में प्रकाशित अपनी किताब 'सब्र' में दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच 2018 में केपटाउन में खेले गए टेस्ट मैच में हुए बॉल-टैंपरिंग विवाद का जिक्र किया है। ख्वाजा ने दावा किया है कि इस मामले की जानकारी सिर्फ तीन लोगों को ही नहीं, बल्कि पूरी ऑस्ट्रेलियाई टीम को थी। ख्वाजा के इस दावे के बाद ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट जगत में चर्चा है और इस विषय पर मौजूदा और पूर्व क्रिकेटरों के अलग-अलग बयान आ रहे हैं।



बॉल-टैंपरिंग का मुख्य चेहरा रहे कैमरून बैनक्रॉफ्ट ने अब इस बारे में नए खुलासे किए हैं। बैनक्रॉफ्ट का कहना है कि तब के ऑस्ट्रेलियाई कप्तान स्टीव स्मिथ गेंद पर सैंडपेपर का इस्तेमाल करने की योजना से खुद को दूर रखना चाहते थे। उस मैच का हिस्सा रहे बैनक्रॉफ्ट ने यह भी आरोप लगाया है कि बातचीत में डेविड वॉर्नर और उनके अलावा ड्रेसिंग रूम के अन्य सदस्य भी शामिल थे। द वेस्ट ऑस्ट्रेलियन में छपी 4,000 शब्दों की एक रिपोर्ट में बैनक्रॉफ्ट ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ केपटाउन टेस्ट के दौरान बॉल-टैंपरिंग की घटना से पहले की घटनाओं पर फिर से बात की। उन्होंने याद किया कि स्मिथ बातचीत में शामिल हुए और यह साफ कर दिया कि वह इस प्लान में शामिल नहीं होना चाहते।



अपनी रिपोर्ट में बैनक्रॉफ्ट ने कहा है कि कप्तान स्टीव स्मिथ बातचीत में शामिल हुए और, जैसा कि मुझे याद है, उन्होंने खुद को दूर करने से पहले यह साफ कर दिया कि वह इसमें कोई हिस्सा नहीं लेना चाहते। बैनक्रॉफ्ट ने यह भी याद किया कि कुछ साथी खिलाड़ियों ने उन्हें सावधान रहने की चेतावनी दी थी, जबकि दूसरों ने कहा कि वे उनकी जगह पर यह काम नहीं करते। उन्होंने माना कि उन्हें पता था कि सैंडपेपर का इस्तेमाल करना चीटिंग है, लेकिन कहा कि एक युवा खिलाड़ी के तौर पर योगदान देने की उनकी इच्छा ने उनके फैसले पर असर डाला।

2027 में इंटरनेशनल टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल होंगे ऐश बार्टी और शिंगो कुनिदा

नई दिल्ली । चार बार की मेजर चैंपियन और पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 ऐश बार्टी को खिलाड़ी श्रेणी में इंटरनेशनल टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल करने के लिए चुना गया है। जापान के शिंगो कुनिदा, जो चार बार के पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता और 50 बार के मेजर चैंपियन हैं, उन्हें 'व्हीलचेयर टेनिस कैटेगरी' में चुना गया है। इस श्रेणी में उन खिलाड़ियों को जगह दी जाती है, जिनका अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन और उपलब्धियों का रिकॉर्ड रहा हो। बार्टी तीन बार की मेजर सिंगल्स चैंपियन हैं। उन्होंने रोलैंड-गैरोस (फ्रेंच ओपन) 2019, विंबलडन 2021



और ऑस्ट्रेलियन ओपन 2022 के खिताब जीते हैं। इसके अलावा, उन्होंने 2018 यूएस ओपन में अपना पहला मेजर डबल्स खिताब भी जीता था। सिंगल्स में वह 2019 में वर्ल्ड नंबर 1 बनीं। वह कुल 121 हफ्तों तक टॉप पर रहीं, जिसमें लगातार 114 हफ्ते शामिल रहे। इसके साथ ही 2019 से 2021 तक लगातार तीन साल तक वह 'ईयर-एंड नंबर 1' (साल के अंत में नंबर 1) रहीं। ऑस्ट्रेलियन ओपन 2022 जीतने के बाद, जब वह वर्ल्ड नंबर 1 रैंकिंग पर थीं, तब उन्होंने संन्यास का ऐलान कर दिया था। वह इंटरनेशनल टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाली 35वीं ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बनेंगी और 2013 के बाद यह सम्मान पाने वाली पहली ऑस्ट्रेलियाई महिला होंगी।



शुरुआती वार के बाद भारत बेदम

वेलिंगटन में खेले जा रहे टेस्ट मुकाबले में भारतीय टीम ने शुरुआत में शानदार पकड़ बनाकर मेजबान टीम पर दबाव बनाया, लेकिन यह बढ़त ज्यादा देर तक कायम नहीं रह सकी। शुरुआती सफलता के बाद भारतीय गेंदबाजों की लय बिगड़ती नजर आई और न्यूजीलैंड ने मुकाबले में वापसी करते हुए स्थिति अपने पक्ष में कर ली। बल्लेबाजों और गेंदबाजों के प्रदर्शन में उतार-चढ़ाव ने टीम इंडिया की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। अब भारतीय टीम के सामने खोई हुई लय हासिल करने और मुकाबले में दोबारा मजबूत स्थिति बनाने की चुनौती है।

वेलिंगटन टेस्ट: निकोलस का शतक, फिलिप्स सैकड़े के करीब, पहले दिन न्यूजीलैंड ने 5 विकेट पर 243 रन बनाए

वेलिंगटन । भारत और न्यूजीलैंड के बीच वेलिंगटन में खेले जा रहे टेस्ट मैच का पहला दिन समाप्त हो गया। पहले दिन का खेल समाप्त होने के समय न्यूजीलैंड ने टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 243 रन बना लिए हैं। न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। पारी की शुरुआत करने उतरे कप्तान टॉम लैथम और डेवन कोनवे जल्दी आउट हो गए। लैथम 0 और कोनवे 4 के स्कोर पर आउट हुए। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए हेनरी निकोलस ने पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन रचिन रवींद्र (15), डेरिल मिशेल (1) और विकेटकीपर-बल्लेबाज टॉम ब्लंडेल (5) के विकेट गिरने से टीम की मुश्किलें बढ़ गईं। 70 के स्कोर पर 5 विकेट गंवा चुकी मेजबान टीम को निकोलस और सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए ग्लेन फिलिप्स ने संभाल लिया है। दोनों ने अब तक नाबाद 173 रन की साझेदारी करते हुए टीम का स्कोर 5 विकेट पर





243 तक पहुंचा दिया है। दोनों बल्लेबाजों ने दो सेशन तक भारतीय टीम को विकेट से दूर रखा है। इस साझेदारी की वजह से कीवी टीम मुश्किल से निकलकर सम्मानजनक स्थिति में पहुंची है।

हेनरी निकोलस ने बेहतरीन शतक लगाया है। निकोलस 221 गेंदों पर 14 चौकों की मदद से 113 रन बनाकर खेल रहे हैं। निकोलस का यह 12वां टेस्ट शतक है। ग्लेन फिलिप्स भी शतक के करीब हैं। फिलिप्स 182 गेंदों का सामना करने के बाद 94 रन पर खेल रहे हैं। मैच के दूसरे दिन फिलिप्स के शतक पर नजर रहेगी। भारत की तरफ से जसप्रीत बुमराह ने 3 और अंशुल कंबोज-आकाशदीप ने 1-1 विकेट लिए हैं। पहले सेशन में कीवी टीम पर दबदबा बनाने वाले भारतीय गेंदबाज आखिरी 2 सेशन में संघर्ष करते नजर आए। इससे पहले भारतीय टीम ने अपनी प्लेइंग इलेवन में दो बड़े खिलाड़ियों को जगह नहीं दी है। भारत की प्लेइंग इलेवन में दिग्गज ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा का नाम नहीं है। उनकी जगह वॉशिंगटन सुंदर खेल रहे हैं। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज भी टेस्ट मैच का हिस्सा नहीं हैं।

मो.सिराज और जडेजा को क्यों बाहर रखा गया?

वेलिंगटन । भारत और न्यूजीलैंड के बीच वेलिंगटन के बेसिन रिजर्व में गुरुवार से सीरीज का पहला टेस्ट शुरू हुआ। भारतीय टीम ने प्लेइंग इलेवन में तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को जगह नहीं दी है। इसे लेकर टीम मैनेजमेंट की आलोचना हो रही है। टीम इंडिया के बल्लेबाजी कोच सीतांशु कोटक ने सिराज की प्रशंसा करते हुए उन्हें प्लेइंग इलेवन से बाहर रखने के फैसले का समर्थन किया है। सीतांशु कोटक ने पहले दिन का खेल समाप्त होने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'मुझे निजी तौर पर नहीं लगता कि सिराज को बाहर रखने का फैसला गलत था। चुना गया कॉम्बिनेशन बेसिन रिजर्व की कंडीशन के लिए सबसे सही



माना गया था।' कोटक ने सिराज से जुड़ी किसी भी समस्या को खारिज कर दिया और उन्हें एक वर्ल्ड-क्लास बॉलर बताया। उन्होंने कहा, 'मुझे कुछ भी गलत नहीं दिख रहा है। टीम मैनेजमेंट को यही सबसे अच्छी प्लेइंग इलेवन लगी और वही खेली। श्रीलंका में हालात अलग थे और सिराज वहां दोनों टेस्ट खेले। किसी के साथ कुछ भी गलत नहीं है। यह बिल्कुल ठीक है।' कोटक ने कहा कि भारत ने ऐसे बॉलर्स के कॉम्बिनेशन को प्राथमिकता दी जो ऐसी सतह पर पेस, सीम मूवमेंट और स्विंग पैदा कर सकें, जिस पर काफी घास हो और जिससे मदद की उम्मीद हो, खासकर मैच की शुरुआत में। भारत की प्लेइंग इलेवन से अनुभवी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को भी बाहर रखा गया है।

एटीपी फाइनल्स: टियाफो ने कोबोली को हराकर आखिरी चार की उम्मीदें जिंदा रखी

अल्काराज सेमीफाइनल में पहुंचे

ट्यूरिन । फ्रांसिस टियाफो ने एटीपी फाइनल्स में एक बड़ी जीत हासिल करते हुए सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को जिंदा रखा है। 28 साल के अमेरिकी खिलाड़ी ने फ्लेवियो कोबोली को 7-6(6), 6-0 से हराया। कोबोली के खिलाफ 90 मिनट में मिली जीत के साथ, टियाफो 2010 के बाद से निट्टो एटीपी फाइनल्स में मैच जीतने वाले चौथे अमेरिकी बन गए। इससे पहले टेलर फ्रिट्ज (6), जैक सॉक (2) और बेन शेल्टन (1) भी इसमें शामिल हो चुके हैं। टियाफो ने शुरुआती सेट में दो सेट पॉइंट बचाए और 2026 में अपनी शानदार काबिलियत दिखाई, जिससे वह इवान लेंडल ग्रुप में 1-1 से बराबरी पर आ गए और ट्यूरिन में आखिरी चार में जगह बनाने की दौड़ में बने रहे। शुक्रवार को अपने आखिरी ग्रुप-स्टेज मैच में उनका सामना पूर्व चैंपियन डेनियल मेदवेदेव से होगा। कोबोली के खिलाफ पहला सेट जीतकर, टियाफो ने यह भी पक्का कर दिया कि दूसरी वरीयता प्राप्त कार्लोस



अल्काराज सेमीफाइनल में पहुंच जाएंगे।

अल्काराज ने पहले डेनियल मेदवेदेव को सीधे सेटों में हराकर इवान लेंडल ग्रुप में 2-0 की बढ़त बना ली थी, जिसका मतलब है कि टियाफो को स्पैनियार्ड के लिए क्वालिफिकेशन पक्का करने के लिए सिर्फ एक सेट की जरूरत थी। उनके ग्रुप में दूसरा सेमीफाइनल स्पॉट शुक्रवार के खेल के दौरान तय होगा।

अल्काराज, जिन्होंने टियाफो और मेदवेदेव के खिलाफ अपनी शुरुआती दो जीत में सिर्फ 10 गेम गंवाए हैं, शुक्रवार को अपने आखिरी राउंड-रॉबिन मैच में कोबोली का सामना करेंगे।

वियना और पेरिस में ट्रॉफी जीतने के बाद स्पेन का यह खिलाड़ी लगातार 11 मैच जीत चुका है। अल्काराज अपना पहला एटीपी फाइनल्स टाइटल जीतने की कोशिश कर रहे हैं। पिछले साल के चैंपियनशिप मैच में वह जानिक सिनर से हार गए थे।

बर्थडे स्पेशल: भारतीय सेना में भर्ती होने के बाद मिल्खा सिंह को मिली थी 'धावक' बनने की प्रेरणा

नई दिल्ली । भारतीय एथलेटिक्स के इतिहास में सरदार मिल्खा सिंह का नाम स्वर्णाक्षरों में दर्ज है। बंटवारे के समय पाकिस्तान से आकर भारत में बसने और मुश्किल परिस्थितियों का सामना करते हुए दुनिया के श्रेष्ठ धावकों में अपना नाम बनाने की मिल्खा सिंह की कहानी किसी भी व्यक्ति के लिए प्रेरणादायी है। मिल्खा सिंह का जन्म 20 नवंबर 1929 को गोविंदपुरा, पाकिस्तान में हुआ था। 1947 में हुए बंटवारे के समय वे बेहद मुश्किल परिस्थिति में किसी तरह अपनी जान बचाकर भारत पहुंचे थे। मिल्खा सिंह भारत में आने के बाद सुरक्षित तो हो गए, लेकिन जीवन जीने का संकट था। जीवन चलाने के लिए उनके पास कोई आधार नहीं था। मिल्खा सिंह को दौड़ने का शौक बचपन से था, लेकिन इसमें करियर हो सकता है, इसकी जानकारी उन्हें नहीं थी। बेहद बुरे हालात में शरणार्थी कैंपों में अपना जीवन व्यतीत कर रहे मिल्खा सिंह को नौकरी की तलाश थी। बचपन से दौड़ के प्रति उनकी ललक काम आई। वह 1951 में इसी दौड़ की बदौलत भारतीय सेना में भर्ती हुए। भर्ती के दौरान हुई क्रॉस-कंट्री रेस में वह छठे स्थान पर आए थे, इसलिए सेना ने उन्हें



खेलकूद में स्पेशल ट्रेनिंग के लिए चुना। सिकंदराबाद के ईएसई सेंटर में ही उन्हें धावक के तौर पर अपनी प्रतिभा का पता चला और यहीं से एक पेशेवर धावक के रूप में उनके करियर की शुरुआत हुई। इस तरह जीवन चलाने के लिए सेना में भर्ती होने वाले मिल्खा सिंह को यहीं पर उनकी जिंदगी का लक्ष्य मिला।

विमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी: भोपाल में 19 नवंबर से 6 देशों के बीच खिताबी जंग

भारत की नजरें रिकॉर्ड चौथे खिताब पर

भोपाल । विमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2026 की शुरुआत 19 नवंबर से होने जा रही है, जिसका आयोजन नाथू बरखेड़ा स्थित इंटरनेशनल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होगा। भारतीय महिला हॉकी टीम अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए रिकॉर्ड चौथी बार खिताब जीतकर इतिहास रचने की कोशिश करेगी। गत विजेता भारत अपने अभियान की शुरुआत 19 नवंबर को मलेशिया के खिलाफ मुकाबले के साथ करेगा। मलेशिया के खिलाफ अपने पहले मैच के बाद, भारत 21 नवंबर को साउथ कोरिया, 22 नवंबर को थाईलैंड, 24 नवंबर को चीन और 25 नवंबर को जापान का सामना करेगा। भारत का लक्ष्य टूर्नामेंट के इतिहास की सबसे सफल टीम बनना है। फिलहाल भारत (साल 2016, 2023 और 2024) और साउथ कोरिया (साल 2010, 2011, 2018) ने तीन-तीन बार यह खिताब अपने नाम किया है।

19 से 28 नवंबर तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में भारत, चीन, जापान, साउथ कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड हिस्सा लेंगे। सभी टीमें राउंड-रॉबिन फॉर्मेट में खेलेंगी, जिसके बाद शीर्ष चार टीमें 27 नवंबर को होने वाले सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। फाइनल और तीसरे स्थान के लिए मुकाबला 28 नवंबर को होगा।

भारत इस टूर्नामेंट में एक शानदार साल के बाद



उतर रहा है, जिसमें टीम ने कई अहम उपलब्धियां हासिल की हैं। हैदराबाद में हुए क्वालीफायर में टीम फाइनल तक अपराजित रही और एफआईएच वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई किया। इसके बाद, ऑकलैंड में हुए एफआईएच विमेंस नेशंस कप में भारत ने अपने सभी पांच मैच जीते और खिताब अपने नाम किया, जिससे उन्हें एफआईएच प्रो लीग में प्रमोशन मिल गया।

भारतीय टीम ने बेल्जियम में हुए विमेंस वर्ल्ड कप में भी अपना बेहतरीन प्रदर्शन जारी रखा और पांचवें स्थान पर रही। 1974 के बाद से टूर्नामेंट में यह भारत का अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन था। इसके बाद जापान में हुए एशियन गेम्स में टीम ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की, जहां भारत ने महिला हॉकी में 44 साल के स्वर्ण पदक के सूखे को खत्म किया।

अब मेजबान भारत इसी लय को एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में भी बरकरार रखना चाहेगा। हालांकि, उनके सामने चीन, जापान और साउथ कोरिया जैसी मजबूत टीमों की कड़ी चुनौती होगी।

दुनिया की चौथे नंबर की टीम चीन, भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक होगी, खासकर इसलिए क्योंकि पिछले महीने एशियन गेम्स के फाइनल में उन्हें भारत के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। चीन भी इस प्रतियोगिता में अपना पहला खिताब जीतने के लिए उत्सुक होगा, जबकि साउथ कोरिया अपने तीन चैंपियनशिप खिताबों की संख्या को और बढ़ाने का लक्ष्य रखेगा। जापान, जो पहले ही दो बार यह टूर्नामेंट जीत चुका है, अपने मजबूत डिफेंस और तेज पासिंग गेम के जरिए कड़ी चुनौती पेश करेगा।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com